

प्रेरणास्रोत: स्व. डॉ. एलसी वालिया

@haryanavatika www.haryanavatika.in @haryanavatika @haryanavatika

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# हरियाणा वाटिका

लोहारू से प्रकाशित सोच बिल्कुल निष्पक्ष

RNI No-HARHIN/2019/79021 वर्ष : 06, अंक: 236 पृष्ठ: 08, मूल्य: रु. 1.00 सोमवार, 30 जून 2025 haryanavatika@gmail.com +91-9255149495

## खेल राज्य मंत्री ने आमजन संग सुना मन की बात कार्यक्रम

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

हरियाणा के युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता, खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत नई ऊंचाइयों को छू रहा है और पूरी दुनिया में भारत की सफलता की चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि मन की बात केवल सरकार का कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह पूरे देश और जनता का कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश और दुनिया के कोने-कोने से प्रेरणादायक बातें साझा करते हैं, जो सभी को उत्साहित और प्रेरित करती हैं। खेल राज्य मंत्री रविवार को पलवल में पार्टी कार्यकर्ताओं व आमजन के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का 123 वां संस्करण को सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि वे हर महीने के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम अवश्य सुनते हैं, जिससे उन्हें प्रेरणा और ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि मन की बात सुनने के लिए हर किसी में उत्साह रहता है। उन्होंने कहा कि पलवल के लोग यदि समाज हित में अच्छा कार्य करें और किसी के लिए प्रेरणा बने तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मन की बात कार्यक्रम में पलवल जिला के लोगों की चर्चा भी अवश्य करेंगे।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2047 तक देश बनेगा विकसित और आत्मनिर्भर: खेल राज्य मंत्री**

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश भारत विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है। विकसित और आत्मनिर्भर भारत विजन देश की आजादी के शताब्दी वर्ष 2047 तक भारत देश को आत्मनिर्भर और समृद्ध अर्थव्यवस्था में बदलने के लिए सरकार का दूरदर्शी विजन है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि हम सभी के सामूहिक प्रयासों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा भारत 2047 तक अवश्य ही विकसित और आत्मनिर्भर भारत बनेगा।

# मोदी विकसित भारत निर्माण में कर रहे हैं मार्गदर्शन: नड्डा

## नड्डा, सीएम नायब, बड़ौली ने मां के नाम किया पौधारोपण

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय ''मन की बात'' कार्यक्रम को गुरुग्राम के बादशाहपुर विधानसभा के बूथ नंबर 408 में स्थित जीएनएच कन्वेंशन सेंटर पर लोगों के साथ सुना। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के उपरांत सभी नेताओं ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लाभान्वित पात्र नागरिकों को आयुष्मान कार्ड लाभ पत्र भी वितरित किए। इस कार्यक्रम के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया और लिखा कि पीएम मोदी जन-जन को एक सूत्र में पिरोने और 'विकसित भारत निर्माण' के लिए मन की बात कार्यक्रम के जरिए संवाद करके लोगों का मार्गदर्शन कर रहे हैं।





आज के संवाद में प्रधानमंत्री मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दुनिया भर में नागरिकों के योग के प्रति उत्साह, देश में संचालित विभिन्न ऐतिहासिक एवं धार्मिक यात्राओं के पौराणिक महत्व के साथ ही आपातकाल के 50 वर्ष में संविधान हत्या दिवस का जिक्र किया और लोकतंत्र सेनानियों का स्मरण किया।

उन्होंने आगे लिखते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने मेघालय व बोडोलैंड में लोगों द्वारा किये जा रहे नवाचार को लेकर प्रेरणास्पद विचार भी मन की बात कार्यक्रम के जरिए देशवासियों से साझा किये। जेपी नड्डा ने मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और अन्य नेताओं के साथ पीएम मोदी के देशव्यापी अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत गुरुग्राम स्थित वाटिका चौक में पौधारोपण किया। इस संबंध में भी श्री नड्डा ने पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को दोहराते हुए लिखा कि प्रकृति का संरक्षण हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। उन्होंने सभी लोगों से आह्वान किया कि हम सभी मिलकर अपनी वसुंधरा को हरा-भरा बनाएं और अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाएं।

**एक पेड मां के नाम संवेदना, संस्कार और सेवा का प्रतीक: बड़ौली**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने भी अपने सोशल मीडिया पर लिखते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के जरिए उज्जवल भारत के भविष्य की झलक लोगों के सामने प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज के संवाद में देशवासियों को कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल की काली छाया का स्मरण कराया। संविधान की रक्षा करने वाले लोकतंत्र सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के जरिए 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की सफलता, भारत की सांस्कृतिक पहचान और विश्व में उसकी प्रतिष्ठा का जिक्र किया। पौधारोपण विषय पर उन्होंने कहा कि यह केवल एक पेड़ नहीं, बल्कि संवेदना, संस्कार और सेवा का प्रतीक है। भाजपा हरियाणा परिवार ने भी संकल्प लिया है कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी माता के नाम पर एक पौधा अवश्य लगाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य सुधा यादव, कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, विधायक मुकेश शर्मा, बिमला चौधरी, तेजपाल तंवर, जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी, राजीव जेटली, प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी, संदीप जोशी, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी, अरूण यादव, नगर निगम पार्षद कुलदीप यादव, सहित पार्टी एवं संगठन के अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं उत्कृष्ट व्यवस्थाओं के लिए गुरुग्राम नगर निगम पार्षद कुलदीप यादव एवं उनकी टीम का हार्दिक आभार जताया।

## पीएम द्वारा नागरिकों के अनुभवों को सांझा करने से लोगों को मिलती है प्रेरणा: सैनी



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम में अपनी स्वयं की मेहनत से देशहित में योगदान देने वाले नागरिकों के अनुभवों को सांझा करते हैं जिससे आमजन को प्रेरणा मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम से एक बड़ा लाभ हमारी आने वाली पीढ़ी व आमजन को मिलता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक पेड़ मां के नाम अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के माध्यम से प्रत्येक नागरिक अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाकर उसे संरक्षित करने का संकल्प ले। यह प्रयास न केवल हरियाणा को हरा- भरा बनाने में सहायक होगा बल्कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में भी योगदान देगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है आज पूरा देश उनके दिखाए मार्ग पर चल रहा है और विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एकजुट है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम में इसी विकसित राष्ट्र के परिकल्पना दिखाई देती है।

## कृष्ण बेदी ने सुना मन की बात कार्यक्रम

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि प्रदेश की तरक्की में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की सफलता के लिए जनभागीदारी अति आवश्यक है। जनता के सहयोग से जहां विकास को गति मिलती है, वहीं सरकारी योजनाओं का पात्र व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना भी सुनिश्चित होता है। कल्याणकारी योजनाओं के जमीनी स्तर पर लागू करने में जन सहयोग की अपनी भूमिका होती है। विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, पौधारोपण, नशा मुक्ति अभियान जैसे कार्यक्रमों के प्रति भी जन जागरण



होना चाहिए। यह सभी वर्तमान समय के ज्वलंत विषय हैं और इनको जन साधारण के साथ मिलकर ही प्राप्त किया जा सकता है। कैबिनेट मंत्री रविवार को जींद के दनौदा खुर्द में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुन रहे थे। मन की बात कार्यक्रम का यह 123वां संस्करण था, जिसे कैबिनेट मंत्री के साथ ग्रामीणों ने भी सुना। इस मौके पर कृष्ण कुमार बेदी ने गांव के विकास कार्यों के लिए 25 लाख रुपये देने की भी घोषणा की। साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत को अन्य जरूरी विकास कार्यों का प्रस्ताव भेजने के लिए भी कहा ताकि उनके एस्टीमेट बनाए जा सकें और ग्रामीणों को विकास परियोजनाओं का लाभ पहुँचाया जा सके। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम देशभर में लोकप्रिय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों से सीधा जुड़कर अत्यंत ज्वलंत विषयों पर चर्चा की जाती है।

## सीएम सैनी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की भाभी के निधन पर शोक व्यक्त किया

**रोहतक/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रोहतक पहुंचकर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की भाभी, श्रीमती राजवती हुड्डा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने रोहतक स्थित उनके आवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने दिवंगत श्रीमती राजवती हुड्डा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्वर्गीय राजवती हुड्डा एक धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थीं, जिन्होंने



परिवार को संगठित रखते हुए सामाजिक और धार्मिक कार्यों में सक्रिय योगदान दिया। उनका जीवन सभी के लिए प्रेरणादायी रहा है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा और पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने भी पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। बाद में, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के निवास सिंधु निवास पहुंचे और उनकी माता श्रीमती परमेश्वरी देवी के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कैप्टन अभिमन्यु और उनके परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना प्रकट की।

## प्रत्येक समाज के महापुरुषों की जयंती मना रही है हरियाणा सरकार: गंगवा



**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

हरियाणा के लोक निर्माण और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि समाज को जोड़ने और अंधविश्वास मिटाने का कार्य संत कबीर ने अपने पूरे जीवन में किया। वे एक ऐसे युगदृष्टा थे, जिन्होंने जाति, पंथ और ऊंच-नीच से ऊपर उठकर मानवता का संदेश दिया।

लोक निर्माण मंत्री रविवार को हिसार में संत कबीर छात्रावास में आयोजित संत कबीर साहब के 627वें प्रकाशोत्सव समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कबीर छात्रावास के लिए 21 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा भी की। उन्होंने संत कबीर छात्रावास की व्यवस्थाओं की भी सराहना की और आश्वासन दिया कि सरकार द्वारा ऐसे संस्थानों को और अधिक मजबूत करने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर माहौल मिल सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चल रही है। सभी महापुरुषों की जयंती अब राज्य सरकार द्वारा आधिकारिक रूप से मनाई जा रही है, जिससे समाज में एकता और जागरूकता का संदेश फैल रहा है। उन्होंने कहा कि डीएससी समाज के अधिकारों की रक्षा करना सरकार की प्राथमिकता है। अब समाज के युवा बिना सिफारिश, बिना खर्चे के सरकारी नौकरियों में चयनित हो रहे हैं। रणबीर गंगवा ने कहा कि मुख्यमंत्री की नीतियों का ही परिणाम है कि पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया से हजारों युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है। सरकार बिना खर्ची, बिना पर्ची के सिद्धांत पर काम कर रही है और युवाओं को उनकी मेहनत का फल दिया जा रहा है।उन्होंने कहा कि प्रदेश में हो रहे विकास कार्य गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी तरीके से पूरे किए जा रहे हैं।

## गुरुग्राम: शहरी स्थानीय निकायों के राष्ट्रीय सम्मेलन की यूएलबी महानिदेशक ने देखी तैयारियां

**गुरुग्राम/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

गुरुग्राम में आगामी 3-4 जुलाई को होने वाले शहरी स्थानीय निकायों के राष्ट्रीय सम्मेलन को लेकर रविवार को शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा के महानिदेशक पंकज ने आयोजन स्थल का दौरा किया। साथ ही पीडबल्यूडी रेस्ट हाउस में अधिकारियों की बैठक में तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने विभागवार कार्यों की प्रगति का अवलोकन



किया। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा के महानिदेशक के मकरंद पांडुरंग वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। महानिदेशक पंकज ने कहा कि इस आयोजन का अपना राष्ट्रीय महत्व है और कार्यक्रम में आने वाले सभी अतिथि अच्छा अनुभव लेकर लौटे, इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने जिला प्रशासन, नगर निगम, गुरुग्राम व मानेसर के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हर डेलिगेट्स इस कार्यक्रम से अपना जुड़ाव समझे और गुरुग्राम शहर के स्थानीय निकाय प्रतिनिधियों को भी इस आयोजन में शामिल किया जाए।

## मोदी के गतिशील नेतृत्व में भारत प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर: श्रुति चौधरी

**चंडीगढ़**

हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुना। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री के गतिशील और दूरदर्शी नेतृत्व में भारत द्वारा वैश्विक स्तर पर हासिल की गई उल्लेखनीय प्रगति की सराहना की। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम एक सशक्त और अनूठा मंच है जो सीधे प्रधानमंत्री को आम



जनता से जोड़ता है और देशभर के नागरिकों को प्रेरणा एवं दिशा प्रदान करता है।

मोदी के कुशल मार्गदर्शन में भारत अब हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास के साथ-साथ वैश्विक मंच पर अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।

## युवा पीढ़ी भारत को विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का मार्ग करेगी प्रशस्त: खेल मंत्री

**पलवल/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

हरियाणा सरकार में युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता, खेल और कानून राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि शिक्षकों तथा सामाजिक संगठनों का दायित्व है कि वे प्रतिभाओं को मंच प्रदान करें और उन्हें आगे बढ़ाएं। हर बच्चे में प्रतिभा छुपी होती है और जरूरत है तो बस उसे निखारने की। खेल और कानून राज्य मंत्री गौरव गौतम रविवार को पैलेडियम बैंकट हॉल में मित्तल क्लासेस द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जेई व नीट पेपर में टॉप रैंक हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने उपरांत बोल रहे थे। उन्होंने मेधावी और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए शुभकामनाएं दी। युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश भारत विकसित और




आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। विकसित और आत्मनिर्भर भारत विजन भारत देश को आत्मनिर्भर और समृद्ध अर्थव्यवस्था में बदलने के लिए सरकार का दूरदर्शी विजन है। उन्होंने कहा कि जब वे आप जैसे ऊर्जावान युवाओं को देखते हैं, तो विकसित और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प और भी सुदृढ़ हो जाता है। उन्होंने कहा कि भारत देश की युवा पीढ़ी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि अपने जीवन में किसी भी प्रकार का शॉर्टकट न अपनाएं बल्कि नवाचार के माध्यम से अपने जीवन में सफलता अर्जित करें और देश को आगे बढ़ाएं। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण आंचल के युवा भी शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। खेल मंत्री ने सभी विद्यार्थियों को अपने जीवन में इसी प्रकार पूरी मेहनत से सफल होकर देश-प्रदेश में अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को पूरा मान-सम्मान दे रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं से मैडल जीतने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी के साथ-साथ करोड़ों रुपए की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाती है। इस अवसर पर विद्यार्थी चैतन्य गर्ग द्वारा जेई एक्जाम में 451 ऑल इंडिया रैंक प्राप्त करने पर मित्तल क्लासिज की ओर से 21 हजार रुपए का चैक दिया गया। वहीं मित्तल क्लासेज द्वारा वर्ष में कक्षा 1 से 10वीं के लिए आयोजित की जाने वाली एमएसईसी वाली परीक्षा में टॉप टेन रैंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप, टेबलेट और मोबाइल फोन तथा स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया और कवि श्याम सुंदर अकिंचन द्वारा प्रस्तुत की गई कविता व दोहों ने कार्यक्रम में समां बांध दिया।

**ये रहे मौजूद:** इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विपिन बैंसला, मीडिया कोऑर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ, मित्तल क्लासेज के संस्थापक गौरव मित्तल व ललित मित्तल, पवन आनंद, चेयरमैन राजेंद्र बंसल, गुलशन गोयल, देवेंद्र सौरोत, विष्णु गौड़, सहित विद्यार्थी, अभिभावक व मित्तल क्लासेज पलवल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## आरएसएस की भामाशाह शाखा ने मनाया अपना शाखा वार्षिकोत्सव



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**गुरुग्राम, 29 जून।** आरएसएस गुरुग्राम के सरस्वती नगर की भामाशाह शाखा ने आज 29 जून दिन रविवार को प्रातः 07:30 से 09:00 बजे सुशांत लोक 3 ब्लॉक के मेहंदी पार्क में अपना पहला वार्षिकोत्सव बहुत भव्य तरीके से मनाया । भामाशाह शाखा प्रतिदिन प्रातः 06:30 बजे से मेहंदी पार्क में लगती है और आज दानवीर भामाशाह जी के जन्मदिन के अवसर पर इसे ध्वज मिले हुए 1 वर्ष पूर्ण हो गया।

कार्यक्रम बहुत उत्साह पूर्ण तरीके से आरएसएस की शाखा लगाने से प्रारम्भ होकर विभिन्न खेल, व्यायाम, एवं दण्ड चलाने के प्रदर्शन के बाद आरएसएस गुरुग्राम के महानगर बौद्धिक शिक्षण प्रमुख श्री जोगिंदर जी के दिन विशेष बौद्धिक के साथ संपन्न हुआ।

जोगिंदर जी ने समाज मे संघ के सकारात्मक प्रभाव और आज के समय मे संघ कार्य के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। आरएसएस प्रमुख डॉ मोहन भागवत जी के बात को आगे रखते हुए समाज हित मे पंच परिवर्तन का विषय रखा और लोगों को नागरिक अधिकार के साथ नागरिक कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में 50 से ज्यादा पूर्ण गणवेश के स्वयंसेवक और 150 की संख्या में स्थानीय निवासियों ने भाग लिया। विशेषकर खेल एवं दण्ड के प्रदर्शन को उपस्थित महिलाओं ने बहुत सराहा।कार्यक्रम में केंद्रीय एक्साइज एवं सर्विस ट्रिब्यूनल के पूर्व जज अनिल चौधरी जी मुख्य अतिथि के रूप में रहे तथा सुशांत लोक आरडब्ल्यूए के प्रधान दीपक वर्मा जी की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही।

कार्यक्रम समापन पर शाखा कार्यवाह दीपक जी, मुख्य शिक्षक संतोष जी एवं शाखा पालक रोहित जी ने उपस्थित नागरिक समाज एवं मातृ शक्ति का अभिनंदन किया।

## आसमान से बरसी आफत : गांव रावा में मकान की छत गिरने से बुजुर्ग महिला की मृत्यु, पति गंभीर घायल





**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**शाहाबाद मारकंडा, 29 जून।** निकटवर्ती गांव रावा में रविवार सुबह तेज बारिश ने एक परिवार पर कहर बरपा दिया। भारी बारिश के चलते एक कच्चे मकान की छत अचानक ढह गई, जिसमें 62 वर्षीय सोमा देवी की मौके पर मृत्यु हो गई, जबकि उनके पति मिया राम गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की खबर फैलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। यह हादसा सुबह करीब 6 बजे उस समय हुआ, जब दंपती अपने पुराने कच्चे मकान में सो रहा था। जानकारी के अनुसार, मकान की छत लकड़ी की कड़ियों पर टिकी थी, जो बारिश का दबाव सहन नहीं कर पाई और भरभरा कर गिर गई। छत गिरने की तेज आवाज सुन कर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और मलबा हटा कर दंपति को बाहर निकाला।

घायल सोमा देवी को आनन-फानन में आदेश मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, मिया राम को शाहाबाद के नागरिक अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया गया है।

**बिजली गिरने की भी जताई आशंका :**
स्थानीय लोगों और परिजनों ने बताया कि हादसे के समय बारिश काफी तेज थी और छत के ऊपर बिजली गिरने जैसी आवाज भी सुनाई दी। आशंका जताई जा रही है कि मकान पर बिजली गिरने के कारण भी छत ढही हो सकती है। मलबे में घर का अधिकांश सामान दब कर नष्ट हो गया है।

**तीनों बेटों के सिर से मां का साया उठा :**
मृतका सोमा देवी के तीन बेटे झ मुकेश, नरेश और बंटी झ सभी विवाहित हैं। हादसे के वक्त बड़ा बेटा मुकेश पास के कमरे में था। छत गिरने की आवाज सुन कर वह दौड़ता हुआ आया और पड़ोसियों की मदद से अपने माता-पिता को अस्पताल पहुंचाया। मां की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है।

**पुलिस जांच में जुटी, मुआवजे की मांग :**
सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एलएनजेपी अस्पताल कुरुक्षेत्र में भेजा। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी है। वहीं, ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को तुरंत आर्थिक सहायता और मुआवजा प्रदान किया जाए, ताकि वे इस दुखद परिस्थिति में थोड़ी राहत पा सकें।

## भारत माता के वीर सपूत कर्नल शमशेर सिंह हुए शहीद, राजकीय सम्मान के साथ आज दी जाएगी अंतिम विदाई



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**लोहारू, 29 जून।** उपमंडल के गांव ढाणी रहीमपुर के भारत माता के वीर सपूत कर्नल शमशेर सिंह बिजारणियां शहीद हो गए। वीरवार को दिल्ली स्थित सेना भवन में उनके पार्थिव शरीर को लाया गया है जहां राष्ट्रीय सम्मान के साथ सेना के अधिकारियों और साथियों द्वारा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। सोमवार सुबह उनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव ढाणी रहीमपुर पहुंचेगा जहां राजकीय सम्मान के साथ वीर सपूत को अंतिम विदाई दी जाएगी। कर्नल शमशेर सिंह के शहीद होने के खबर के बाद पूरे गांव के लोगों की आंखे नम हैं।

शहीद शमशेर सिंह के भाई रणवीर सिंह ने बताया कि उनका भाई कोलाबा मुंबई में कर्नल की पोस्ट पर तैनात थे। विगत दिवस अहमदाबाद अपने बेटे शुभम का एडमिशन कराने के लिए माईका कॉलेज में गए थे। उन्होंने एडमिशन की सभी प्रक्रिया पूरी कर ली थी इसी दौरान उनको अचानक से हार्ट अटैक आ गया। जिसके बाद उनको प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां उनको मृत घोषित कर दिया। कर्नल शमशेर सिंह बिजारणियां के एक ही बेटा है शुभम है। गांव के सरपंच राकेश शर्मा, नंबरदार रघुवीर सिंह ने बताया कि गांव के वीर सपूत कर्नल शमशेर सिंह पर पूरे गांव को गर्व है। वीर सपूत को आज दोपहर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जाएगी।

## कल से लौटेगी स्कूलों में रौनक, मौज मस्ती के बाद स्कूल की तैयारियों में जुटे विद्यार्थी



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**सतनाली, 29 जून।** प्रदेश के सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश 30 जून को समाप्त हो रहे है तथा इसके साथ ही मंगलवार यानि 1 जुलाई से स्कूलों में रौनक लौटेगी तथा स्कूल बसे सडकों पर दौड़ती नजर आएंगी। अवकाश खत्म होने के साथ ही स्कूली विद्यार्थी स्कूल जाने की तैयारियों में जुट गए है तथा आवश्यक प्रबंध करते हुए स्कूल बैग को पुनः तैयार कर रहे है। ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने के साथ ही विद्यार्थी अपने नैनिहाल से व अपनी पर्यटन केंद्रों की यात्रा को समाप्त कर घर लौटने लग गए है तथा अवकाश के दौरान मिले गृहकार्य को पूरा कर स्कूल बैग में किताबें, कॉपियां व्यवस्थित तरीके से रख रहे है। ध्यान रहे कि सरकार व शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी स्कूलों में 30 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किए गए थे। अवकाश के दौरान स्कूली बच्चों ने खूब मौज मस्ती करते हुए अपने परिजनों के साथ धार्मिक व पर्यटन केंद्रों की यात्राएं की। वहीं अनेक बच्चे छुट्टियों में अपने नैनिहाल भी गए। अब अवकाश समाप्त होने के साथ ही बच्चे अब धार्मिक व ऐतिहासिक केंद्रों की यात्रा व ननिहाल से वापस लौट चुके है। स्कूल खुलने के बाद बच्चे अब अपना गृह कार्य समाप्त कर पढ़ाई में जुट जाऐंगे। स्कूली छात्रा इशिता वालिया, अक्षिता ने बताया कि अवकाश के दौरान उन्होंने खूब मौज मस्ती की तथा अब स्कूल शुरू होने के साथ ही वे पुनः पढ़ाई में जुट जाऐंगे। एक माह बाद स्कूल में जाना होगा, ऐसे में छोटी कक्षाओं के छात्र नर्वस भी महसूस कर रहे है। छात्रों को पुनः स्कूली माहौल में रमने के लिए करीब एक सप्ताह तो लग ही जाएगा।

## उल्लेखनीय यात्रीभार होने के बावजूद सतनाली रेलवे स्टेशन पर नहीं हो रहा प्रमुख ट्रेनों का ठहराव: शेखावत

### सतनाली रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों ने बैठक के बाद सौंपा ज्ञापन

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**सतनाली, 29 जून।** कस्बा स्थित रेलवे स्टेशन परिसर में सतनाली रेल सेवा समिति के संयोजन में क्षेत्र के गणमान्य लोगों व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सतनाली रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव सहित रेल संबंधित समस्याओं व मांगों को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक उपरांत सतनाली रेल सेवा समिति द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर रेलवे स्टेशन मास्टर के माध्यम से महाप्रबंधक, उत्तर-पश्चिम रेलवे, जयपुर के नाम से ज्ञापन सौंपा गया। रेल सेवा समिति के प्रधान दीवान सिंह शेखावत ने बताया कि उपतहसील मुख्यालय सतनाली हरियाणा व राजस्थान के 80 सैनिक बाहुल्य गांवों का मुख्य रेलवे स्टेशन है और यहां से प्रतिदिन भारी संख्या में यात्री यात्रा करते हैं। स्टेशन पर कुछ ही ट्रेनों का ठहराव है जिनसे उल्लेखनीय यात्री भार के बावजूद अनेक एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं दिया गया है जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में सतनाली स्टेशन पर 22471/72, दिल्ली-बीकानेर इंटरसिटी का ठहराव किया जाए। यह काफी पुरानी मांग है। व्यापक यात्री हित में बीकानेर मंडल द्वारा सतनाली ठहराव को वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण ठहराया जा चुका है, इस गाड़ी के ठहराव के लिए सांसद द्वारा भी अनेक पत्र लिखे जा चुके हैं फिर भी ठहराव नहीं दिया जा रहा है। वहीं 19701/02, दिल्ली सराय रोहिल्ला जयपुर सैनिक एक्सप्रेस का उल्लेखनीय यात्रीभार होने के बावजूद कोरोना काल के बाद महज सतनाली से ठहराव वापस ले लिया गया है जबकि अनेक स्टेशन जिनका यात्री भार सतनाली से कम है, पर इस ट्रेन का ठहराव यथावत है। सतनाली सहित आसपास के गांवों के यात्रियों व सैनिकों के लिए रात को जयपुर एवं खाटू श्याम जाने वाले यात्रियों के लिए यही एकमात्र ट्रेन थी। स्टेशन पर सीकर की ओर चलने वाली एक भी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव नहीं है। इसी प्रकार 14713/14, दिल्ली सराय सीकर एक्सप्रेस का सतनाली ठहराव किया जाए। इस ट्रेन का सतनाली स्टेशन पर व्यापक यात्रीभार के बावजूद ठहराव नहीं है। इस ट्रेन के ठहराव से सतनाली क्षेत्र के यात्रियों को सीकर व दिल्ली आने-जाने के लिए सुविधा मिलेगी और रेलवे को भी अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से व्यापक यात्री हित में उपरोक्त मांगों पर संज्ञान लेकर अति शीघ्र पूरा करवाने की मांग की ताकि क्षेत्र के यात्रियों को बेहतर रेल यातायात का लाभ मिले और रेलवे को भी अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति हो सके। ज्ञापन की प्रति सांसद धर्मबीर सिंह, मंडल रेल प्रबंधक, बीकानेर, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, बीकानेर को भी भेजी गई है। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधी धर्मबीर गोठवाल, रवि शेखावत जड़वा, राजेंद्र शर्मा, मनोज मिश्रा, रतनलाल मिश्रा, विनोद गोठवाल, मुन्ना भाई शेखावत, श्याम वालिया सहित अनेक क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## अमृता हॉस्पिटल, फरीदाबाद और फ्रांस दूतावास के बीच ऐतिहासिक समझौता, भारत-फ्रांस सहयोग को नई दिशा



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**फरीदाबाद, 29 जून।** स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक कल्याण के क्षेत्रों में भारत और फ्रांस के बीच सहयोग को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, अमृता हॉस्पिटल, फरीदाबाद ने भारत में फ्रांस के दूतावास के साथ एक स्मरणीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता करुणा, नवाचार और सामाजिक सेवा जैसे साझा मूल्यों पर आधारित भावी सहयोग की संभावनाओं को सशक्त करता है।

यह ऐतिहासिक समझौता फ्रांस के भारत में राजदूत महामहिम श्री थिएरी माथू की केरल स्थित अमृतपुरी आश्रम की यात्रा के दौरान संपन्न हुआ। राजदूत माथू के साथ एक उच्च-स्तरीय फ्रांसीसी प्रतिनिधिमंडल भी उपस्थित था। इस अवसर पर उन्होंने आध्यात्मिक गुरू और अमृता विश्वविद्यालय की कुलाधिपति माता अमृतानंदमयी देवी (अम्मा) से मुलाकात की और अमृता द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा और मानवीय सेवा के क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों पर विस्तृत चर्चा की।

राजदूत श्री थिएरी माथू ने कहा,
"अम्मा और फ्रांसीसी आश्रमवासियों के साथ स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में उनके अद्भुत कार्यों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। अमृता हॉस्पिटल, फरीदाबाद और फ्रांसीसी दूतावास के बीच सहयोग की संभावनाएं अत्यंत उत्साहवर्धक हैं।"

यात्रा के दौरान जिन संभावित संयुक्त पहलों पर चर्चा हुई, उनमें सार्वजनिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, नैदानिक अनुसंधान, ज्ञान-विनिमय और सामाजिक विकास प्रमुख रहे। अमृता के सेवा-आधारित जमीनी मॉडल और फ्रांस के अंतरराष्ट्रीय सहयोग की प्रतिबद्धता के बीच जो समानता है, वह भविष्य में ठोस और सकारात्मक परिणामों की नींव रखती है।

## खेल के मैदान के साथ-साथ उपचार के लिए स्वर्ग है भारत : अकमत

### आने वाले कुछ दिनों में खेल के लिए पूरी तरह से फिट ब्राजील के पहलवान अकमत : डा. सनसनवाल



**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 29 जून।** खिलाडि?ों के लिए भारत के मैदान ही स्वर्ग नहीं, बल्कि बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं भी किसी जन्नत से कम नहीं है। ब्राजीलियन पहलवान अकमत जो चार बार का अपने देश का राष्ट्रीय चैंपियन है, इन दिनों भारत के भ्रमण पर है और अलग-अलग प्रदेशों में जाकर अपने दांव-पेंच की तकनीक में सुधार कर रहा है। ब्राजीलियन खिलाड़ी इन दिनों भिवानी में अभ्यास कर रहा है। इसी दौरान उसके घुटने में गंभीर चोट आई तो उसे स्थानीय महम रोड़ पर स्थित सनफ्लेग मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में लाया या। जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने ब्राजील के इस पहलवान की घुटने का सफल ऑपरेशन किया तथा उम्मीद जाहिर की कि ब्राजील का यह खिलाड़ी शीघ्र अति शीघ्र स्वस्थ होकर अपने खेल की तकनीक सुधारने के अभियान में दोबारा जुट जाएगा। सनफ्लेग मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के निदेशक डा. दिनेश सनसनवाल ने बताया कि ऑपरेशन के बाद खिलाड़ी बेहतर महसूस कर रहा है और आने वाले कुछ दिनों में खेल के लिए पूरी तरह से फिट हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी सनफ्लेग मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के विशेषज्ञों की टीम ने अनेक सफल ऑपरेशन किए है। डा. सनसनवाल ने कहा कि भिवानी में शायद पहला अवसर है, जब किसी विदेशी खिलाड़ी को तत्काल उपचार सुविधा उपलब्ध करवाई गई है और खिलाड़ी अपने आप को बेहतर महसूस कर रहा है। डा. सनसनवाल ने कहा कि सनफ्लैग अस्पताल के विशेषज्ञों की गुणवत्ता अपनी ही कहानी अलग से कहती है। क्योंकि रोगी को यहां आने पर ना केवल बेहतर उपचार मिलता है, बल्कि अन्य गतिविधियों में भी अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप गुणवत्ता महसूस होती है। इस मौके पर खिलाड़ी अकमत ने बताया कि अभ्यास करते हुए उनके घुटने में चोट लग गई थी, जिसका यहां सनफ्लेग अस्पताल में सफल ऑपरेशन किया गया। उन्होंने कहा कि वे बहुत खुश है कि भारत अब खेलों के साथ-साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में अब आगे बढ़ रहा है तथा यहां पर इतने बड़े ऑपरेशन बड़ी ही सफलता से किए जा रहे है। उन्होंने सनफ्लेग अस्पताल के विशेषज्ञों का आभार जताया।

## स्वदेशी सुरक्षा व स्वावलंबन अभियान का किया शंखनाद, स्वदेशी के प्रति जन-जन को किया जाएगा जागरूक



**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढ़ी**
**हिसार, 29 जून।** स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में स्थापित स्वदेशी सुरक्षा व स्वावलंबन अभियान समिति द्वारा अभियान का शंखनाद किया गया। मंडी रोड पर स्थित विवेकानंद भवन में बैठक करके विधिवत ढंग से स्वदेशी सुरक्षा व स्वावलंबन अभियान की शुरूआत की गई। इस अवसर पर विभाग संयोजक डॉ. संजीव शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में इस अभियान के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अपने घर, परिवार व व्यापार में स्थानीय और स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देनी चाहिए। इसके साथ ही चाइनीज, तुर्की, अमेरिकी और अन्य विदेशी कंपनियों के उत्पादों के प्रयोग से बचना होगा। स्वदेशी क्रय-विक्रय, स्वदेशी भाषा, वेशभूषा व उत्सव पद्धति को अपनाने के लिए लोगों को जागरूक करना होगा। इतना ही नहीं हर घर स्वदेशी-हर युवा उद्यमी के विचार को जन-जन तक पहुंचाकर देश व समाज को सशक्त बनाना होगा। इस अवसर पर सोनिया श्योदान ने स्वदेशी गीत गाकर स्वदेशी विचारधारा अपनाने की अलख जगाई और डॉ. अनिल कुमार ने प्रभावशाली मंच संचालन किया। स्वदेशी जागरण मंच के प्रांतीय स्वदेशी मेला प्रमुख अनिल गोयल ने स्वदेशी सुरक्षा व स्वावलंबन अभियान समिति के आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान मोना जैन ने स्वदेशी संकल्प करवाया और बैठक की अध्यक्षता राकेश चराया ने की।

बैठक के दौरान शशि लूथरा को स्वदेशी खेल प्रमुख का दायित्व भी सौंपा गया। इस अवसर पर मोना जैन, सोनिया श्योदान, डॉ. संजीव शर्मा, स्नेहलता, सुमन एरन, सोनू गोयल, सतीश भुटानी, डॉ. कपिंद्र सिंह, विनय असीजा, भारत शर्मा, अनिल कौशिक, रितुराज, नितिन भारद्वाज, अमित कुमार, देवेंद्र, अभिषेक, राज वर्मा, अनिल गोयल, डॉ. अनिल कुमार, महेंद्रपाल, ओम बिश्नोई, शशि लूथरा, विनायक, ओमपाल, अमर चौधरी सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्रांतीय स्वदेशी मेला प्रमुख अनिल गोयल ने बताया कि स्वदेशी सुरक्षा व स्वावलंबन अभियान के तहत घर-घर स्वदेशी की अलख जगाई जाएगी। इसी कड़ी में 9 अगस्त को विदेशी कंपनी भारत छोड़ो विषय पर आधारित नुक्कड़ सभा व पदार्फाश नाटक का मंचन किया जाएगा। 21 अगस्त से 21 सितंबर तक विभिन्न शिक्षण संस्थानों में स्वदेशी, स्वावलंबन व उद्यमिता को लेकर संगोष्ठी, प्रदर्शनी व प्रोत्साहन सम्मेलन किए जाएंगे।

## मानसून की पहली तेज बरसात ने खोली नपा के जल निकासी व्यवस्था के दावों की पोल, खरीफ की फसलों को होगा फायदा, गर्मी से मिली राहत

### -लोहारू के मुख्य बाजारों व गलियों में भरा बरसाती पानी, सिंघानी में नेशनल व स्टेट हाईवे पानी से हुए लबालब





**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**लोहारू, 29 जून।** पिछले कई दिनों से बरसात की बाट जोह रहे लोहारू क्षेत्रवासियों को रविवार दोपहर बाद हुई मानसून की पहली तेज बरसात से उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। बरसात के कारण नगर के मुख्य बाजारों, गलियों व मुख्य चौक पर बरसाती पानी का जलभराव हो गया जिस कारण नपा द्वारा नगर में मानसून की बरसात के दौरान जल निकासी व्यवस्था के दावों की पोल भी खुल गई। बरसात के कारण शहर की विभिन्न जगहों पर जलभराव की समस्या बन गई। जलभराव के कारण आम जनजीवन काफी प्रभावित हुआ है। शहर के मुख्य चौक चौराहों व कई गलियों में पानी जमा हो गया जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोहारू और आसपास के क्षेत्र में करीब से 10 से 15 एमएम बरसात दर्ज की गई है। वहीं सिंघानी में एनएच 709 ई व स्टेट हाईवे लोहारू-सिवानी सडक मार्ग इस बरसात में पानी से लबालब हो गए जिसके कारण लोगों को आवाजाही में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

रविवार को हुई बारिश के बाद शहर का मुख्य सडक मार्ग, देवीलाल चौक, परशुराम चौक, फरटिया रोड़, एसबीआई गली, पोस्ट ऑफिस रोड़, सब्जी मंडी, बस स्टेंड आदि प्रमुख स्थानों पर जलभराव हो गया। जलभराव के कारण लोगों को समस्या से दो चार होना पड़ा। वहीं यदि किसानों की बात की जाए तो किसान प्रभु काजला, रणधीर सांगवान, विनोद शर्मा, रघुवीर सिंह, भूपेंद्र कस्वां, राजेश सिंघानी, राजेश बरालु, बलवान सिंह सोहांसड़ा, संदीप कुमार आदि ने बताया कि विगत करीब पांच रोज से उमस भरी गर्मी से उनकी फसलें और दुधारू पशु प्रभावित हो रहे थे। रविवार को हुई बरसात से कपास, बाजरे, मूंग व ग्वार की फसल के लिए काफी फायदेमंद होगी। उन्होंने बताया कि अब उनकी फसल फुटाव पर है यह बरसात उनकी फसलों के लिए संजीवनी का काम करने वाली है। वहीं दुधारू पशुओं की दूध देने की क्षमता भी बढ? वाली है। समाचार भेजे जाने तक बरसात का सिलसिला जारी था।

**सिंघानी गांव में बारिश से सडकें डूबी**
वहीं सिंघानी गांव में एनएच व स्टेट हाईवे लोहारू-सिवानी रोड का काफी बुरा हाल हो गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक मात्र 10 मिनट की वर्षा में सडकें पानी से लबालब भर गई और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि कई बार यहां पर पानी भर जाने की शिकायतें की गई है लेकिन आज तक प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी।

**फसलों को मिलेगा लाभ**
कृषि अधिकारी डॉ. विनोद सांगवान ने बताया कि वर्षा से फसलों को बहुत लाभ मिलेगा क्योंकि काफी समय से वर्षा न होने के कारण फैसले मुरझा रही थी।

अब उन फसलों को जीवनदान मिला है। इस समय हुई वर्षा कपास, ग्वार और बाजरे की फसल के लिए फायदेमंद है। किसानों को समय-समय पर खासकर कपास की फसल का निरीक्षण करना चाहिए। क्योंकि इस तरह के मौसम में कई तरह की बीमारियां फैलने का डर रहता है।

## मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेने के लिए करें ऑनलाइन पंजीकरण : उत्तम सिंह

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**
**करनाल, 29 जून।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। अब लाभार्थियों को विवाह के ऑनलाईन पंजीकरण करवाने के उपरान्त ही योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए लाभपात्र विवाहिता की शादी का ई-दिशा पोर्टल पर पंजीकरण होना अत्यंत आवश्यक है।

डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेने वाले परिवार को अपनी बेटी की शादी के 6 महीने पूरे होने से पहले ऑनलाइन पंजीकरण करवाना होगा। पंजीकरण करने उपरान्त ही विवाहित कन्या के माता-पिता को उक्त योजना का अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अनुसूचित एवं विमुक्त जाति के परिवार का नाम बीपीएल सूची में है तो उसको कन्या विवाह शगुन योजना के अंतर्गत 71 हजार रुपये का लाभ दिया जाएगा।

## भैंस चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार, दो भैंस व वारदात में प्रयुक्त टाटा मैजिक गाड़ी बरामद



**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढ़ी**

**हिसार, 29 जून।** पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के निदेर्शानुसार थाना आजाद नगर पुलिस ने भैंस चोरी के मामले में तत्परता से कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों राहुल, राजकुमार और संजू (सभी निवासी कैमरी रोड, हिसार) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा दो भैंसें तथा वारदात में प्रयुक्त टाटा मैजिक गाड़ी भी बरामद की है।

उप निरीक्षक अशोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कैमरी रोड, देव कॉलोनी निवासी जोगिंदर सिंह ने 27/28 जून 2025 की रात को उसके घर से दो भैंस चोरी होने की शिकायत थाना आजाद नगर में दर्ज करवाई थी। शिकायत पर तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने जांच के दौरान तीनों आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने टाटा मैजिक गाड़ी का इस्तेमाल कर देव कॉलोनी से भैंसों की चोरी की थी। पुलिस ने दोनों भैंसें और वाहन को कब्जे में लेकर बरामद कर लिया है। आरोपियों को पूछताछ के पश्चात न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## फर्जी आधार कार्ड बनाकर धोखाधड़ी से जमीन अपने नाम करवाने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार



**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढ़ी**

**हिसार, 29 जून।** पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के निदेर्शानुसार धोखाधड़ी के मामलों पर सख्त कार्रवाई करते हुए थाना उकलाना पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने पाबड़ा निवासी सुमित कुमार को फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से जमीन हड़पने के मामले में गिरफ्तार किया है।

मामले की जांच कर रहे एएसआई नरेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी सुमित कुमार ने अपनी दादी की 1.5 एकड़ जमीन धोखे से अपने नाम करवाने के लिए फर्जी आधार कार्ड तैयार किया था। आरोपी ने पहले अपनी दादी के आधार कार्ड में छेड़छाड़ कर उसमें अपनी सास की फोटो चिपका दी और फिर उकलाना तहसील में दादी के स्थान पर सास को पेश कर जमीन का ट्रांसफर अपने नाम करवा लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में उकलाना तहसील के रजिस्ट्रार की शिकायत पर थाना उकलाना में दिनांक 17 जनवरी 2025 को संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तार आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

## बिजली दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ इनेलो का प्रदर्शन एक जुलाई को प्रदर्शन, तैयारियों के लिए बैठक आयोजित

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**

**भिवानी, 29 जून।** बिजली दरों में लगातार हो रही वृद्धि के विरोध में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने एक जुलाई को पंचकूला में प्रदर्शन कर सैक्टर-6 में बिजली निगम के चेयरमैन को ज्ञापन सौंपने का ऐलान किया है। इस प्रदर्शन को सफल बनाने और तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए रविवार को इनेलो की एक मीटिंग स्थानीय कोर्ट परिसर के सामने आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता इनेलो जिला अध्यक्ष अशोक ढ़ाणीमाहु ने की। उन्होंने सभी कार्यकताओं से प्रदर्शन में बढ़-चढकर भाग लेने का आह्वान किया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए इनेलो जिला अध्यक्ष अशोक ढ़ाणीमाहु ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बिजली की दरों में लगातार बढ़ोतरी कर आम जनता की कमर तोड़ी जा रही है। उन्होंने कहा कि पहले से ही महंगाई की मार झेल रही जनता के लिए यह एक और बड़ा बोझ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों को लगातार नजरअंदाज कर रही है और उनकी समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि एक जुलाई को होने वाला यह प्रदर्शन बिजली दरों में वृद्धि के खिलाफ सरकार को जगाने का एक प्रयास है तथा इस प्रदर्शन के माध्यम से सरकार से बढ़ाई गई दरें वापिस लेने की मांग की जाएगी। इनेलो जिला अध्यक्ष ने सरकार को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सरकार ने बढ़ाए गई बिजली की दरे वापिस लेकर आमजन को राहत नहीं दी तो इनेलो बड़े स्तर पर प्रदर्शन करने पर मजबूर होगी। इसके साथ ही जिला अध्यक्ष ने सभी कार्यकताओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में लोगों को इस प्रदर्शन से जोड़ें, ताकि सरकार पर दबाव बनाया जा सके और जनविरोधी नीतियों को वापस लेने के लिए मजबूर किया जा सके। इस अवसर पर सुनील लांबा, दिलबाग चेयरमैन, कृष्ण सिवाच मिताथल, जितेंद्र मिनी गौरीपुर, अजीत बडेसरा, निशांत ढ़ांडा, जगराम बुसान, अशोक मैनेजर, शारदा मिश्रा, सरोज श्योराण, अनिल काठपालिया, सूरजभान एसडीओ, राजेश पुनिया, रण सिंह श्योराण, राय सिंह, भूपेंद्र कोच, सुभाष धानक, राजेंद्र लोहानी, रतीराम अलखपुरा, विक्रम तोशाम, रामफल मास्टर, सुनील स्वामी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## असंवैधानिक, अलोकतांत्रिक हलफनामा वापिस ले पी यू वी सी: देवेश मौदगिल

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**चंडीगढ़, 29 जून।** पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ के पूर्व सीनेट सदस्य और चंडीगढ़ के पूर्व मेयर देवेश मौदगिल ने पंजाब विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. रेनू विग को एक ज्ञापन भेजा जिसमें उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा नए प्रवेश सत्र में दाखिले के दौरान छात्रों से लिए जा रहे एक असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक हलफनामे को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की मांग की गई है। उन्होंने ज्ञापन में कहा है कि यह हलफनामा न केवल छात्रों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार को बाधित करता है, बल्कि संविधान के अनुच्छेद 19(1)(क) और 19(1)(ख) का भी स्पष्ट उल्लंघन करता है। यह कदम विश्वविद्यालय की लोकतांत्रिक परंपराओं और विचारों को गहरा आघात पहुंचाता है। देवेश मौदगिल ने कहा कि विश्वविद्यालयों का काम छात्रों को भयभीत करना नहीं बल्कि उन्हें जागरूक, निर्भीक, जिम्मेदार और लोकतांत्रिक नागरिक बनाना होना चाहिए। छात्रों को चुप कराने वाले ऐसे आदेश दबाव और डर की संस्कृति को जन्म देते हैं। जोकि पूर्ण रूप से गलत है।उन्होंने अपने ज्ञापन में यह भी चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो उनके द्वारा यह मुद्दा भारत के उपराष्ट्रपति, जोकि पंजाब विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी हैं के समक्ष उठाया जाएगा और आवश्यक कानूनी एवं जन स्तर की कार्यवाही भी की जाएगी।

## जिला में चार स्थानों से बाइक चोरी

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 29 जून।** जिला में अलग-अलग चार स्थानों से चोर चार बाइक चोरी कर ले गए। पहले मामले में थेहड़ मोहल्ला निवासी सुमित कंडारा ने बताया कि वह बीती 27 जून को जिला नागरिक अस्पताल में काम से गया था। बाइक खड़ी कर वह काम से चला गया। कुछ देर बाद आया तो बाइक गायब मिली। दूसरे मामले में गांव भगत सिंह कॉलोनी निवासी मलकीत सिंह ने बताया कि बीती 27 जून की रात्रि को उसने बाइक अपने घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह संभाली तो बाइक गायब मिली। तीसरे मामले में वार्ड नंबर 9, रानियां निवासी जोगिंद्र सिंह ने बताया कि बीती 28 जून की शाम को वह रानियां स्थित गुरुद्वारे में गया था।

# परेशानी का सबब बनी ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रालियां, यातायात में बाधक बन दे रही है हादसों को न्यौता,

### देवीलाल चौक के पास क्षतिग्रस्त राष्ट्रीय राजमार्ग 709 ई बना हादसों को केंद्र बिंदु

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**लोहारू, 29 जून।** एक तो देवीलाल चौक के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 709 ई की टूटी हुई सड़क और गहरे गड्ढे, दूसरी ओर बेखौफ दौड़ रही पशुचारे, ईंटों, पत्थरों व पदाडी से भरी ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रालियां इन दिनों न केवल आमजन व वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई हैं। प्रशासन सब कुछ जानते हुए अनजान बना हुआ है। ओवरलोड वाहनों पर ना तो पुलिस प्रशासन कोई कार्रवाई कर रहा है और ना ही नेशनल हाइवे अथॉरिटी टूटे हुए सडक मार्ग को ठीक कर रहा है। प्रशासन की इस अनदेखी के कारण स्थानीय लोगों व वाहन चालकों में खासा रोष है। रविवार को एक ओवरलोड ट्रेक्टर देवीलाल चौक पर पलटते-पलटते बचा जिसको क्रेन के माध्यम से निकाला गया। उल्लेखनीय है कि लोहारू इलाके से प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर ट्रालियां ओवरलोड तूड़ी, पदाडी से भरकर गुजर रही है, जो लोगों के साथ-साथ वाहन चालकों के लिए भी परेशानी का सबब बनी है। तूड़ी से भरे ट्रैक्टर हर रोज नगर के बीचों बीच से दिन के समय में गुजर रहे हैं। ट्रैक्टर चालक अपने वाहनों में क्षमता से अधिक पशु चारा भर लेते हैं। जिससे इन ट्रालियों की चौड़ाई 10 से 12 फीट तक हो जाती है और ज्यादातर वाहन चालकों को अपने गंतव्य पर पहुंचने के लिए गांवों से होकर गुजरना पड़ता है जहां संपर्क मार्गों की चौड़ाई कम ही होती है। लोहारू में इनके गुजरते वक्त दो फुट की जगह भी इसके साइड से निकलने के लिए नहीं बचती तथा इसके कारण न केवल अन्य वाहन चालकों को रास्ते से गुजरने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है बल्कि स्वयं इन ट्रैक्टर चालकों को भी भारी दिक्कत उठानी पड़ती है। एक तो ओवरलोड होने के कारण वाहन की ऊंचाई अधिक हो जाती



है जिससे उन्हें पीछे से आने वाले वाहन दिखाई नहीं पड़ते। मजबूरन अन्य वाहनों को उनके पीछे-पीछे ही चलना पड़ता है। वहीं दूसरी ओर पुलिस व प्रशासन की ठोस कार्यवाहीं के अभाव में कृषि कार्यो में प्रयोग होने वाले ट्रैक्टर ट्रालियां क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर ईंट व पत्थर ढोती भी देखी जा सकती है। इससे न केवल इनका व्यावसायिक प्रयोग हो रहा है बल्कि राजस्व को भी प्रतिमाह लाखों का नुकसान हो रहा है। ध्यान रहे कि सरकार ने पशु चारे की किल्लत को देखते हुए प्रदेश से राजस्थान की ओर जाने वाली तुड़ी पर रोक लगा रखी है लेकिन लोहारू में प्रतिदिन सैकड़ों ट्रालियां निदेर्शों की अवहेलना करते हुए प्रतिदिन लोहारू के रास्ते राजस्थान की ओर जा रही है जिस कारण कस्बे और गांवों से गुजरते समय अक्सर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। लोगों ने प्रशासन से ऐसे वाहनों पर अंकुश लगाने की मांग की है। वहीं एचएच 709 ई पिलानी-जयपुर की ओर जाने वाली सडक देवीलाल चौक गड्ढ़ों का केंद्र बिंदु बना हुआ है। हाइवे अथॉरिटी के बार-बार संज्ञान में लाने के बाद भी सडक जस की तस पड़ी है जिसके चलते बारिश का पानी यहां पर आकर जमा हो जाता है। थोड़ी बारिश होने पर ही सडक पानी से लबालब हो जाती है। यहां से गुजरने वाले दोपहिया वाहन चालक अक्सर यहां गिरकर घायल होते रहते हैं। स्थानीय निवासी प्रमोद कुमार, मनीष शर्मा, उमेद जांगिड़, हरीश शर्मा, संदीप कुमार, अमित कुमार, जितेंद्र कुमार आदि ने प्रशासन से देवीलाल चौक की दशा सुधारने व ओवरलोड वाहनों पर लगाम लगाने की मांग की है।

एनएच 709 ई के जेई जितेंद्र से बात की गई तो उन्होंने बताया कि देवीलाल चौक पर सडक मार्ग को ठीक करवाने के लिए मेंटेनेंस प्रपोजल तैयार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए ठेकेदार को बोल दिया गया है एक सप्ताह में देवीलाल चौक के क्षतिग्रस्त सडक मार्ग को ठीक करवा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि देवीलाल चौक पर इंटरलॉक बिछाई जाएंगी और इसके लेवल को उंचा किया जाएगा ताकि बारिश का पानी सडक पर जमा न हो सके।

ओवरलोड वाहनों के बारे में थाना प्रभारी अशोक कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ओवरलोड वाहनों की समय-समय पर पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। तूड़ी से भरे ट्रैक्टर को रात के समय निकाला जाता है। इसके बाद भी कोई कमी है तो जांच की जाएगी।

# साढ़े 6 वर्ष बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं हो पाया नई सीवरेज व पाइप लाइन कार्य

### कार्य की शुरूआत से ही विभाग व ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर उठते रहे है सवाल, अनियमितताओं का निरीक्षण तक कर चुके है तत्कालीन उपायुक्त व एसडीएम

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**सतनाली, 29 जून।** ग्रामीण स्तर पर जल निकासी व्यवस्था कायम करवाने के उद्देश्य की योजना के तहत सतनाली कस्बे में वर्ष 2018 में शुरू कराया गया सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य 7 वर्ष बीत जाने के बाद भी अधूरा है। ऐसे में जनस्वास्थ्य विभाग व संबंधित ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे है वहीं कार्य पूरा करवाने के लिए विभाग भी गंभीर नजर नहीं आ रहा। सीवरेज कार्य पूरा न होने तथा सीवरेज लाईन साढ़े 6 वर्ष बाद भी चालू न किए जाने से इस योजना में भ्रष्टाचार की बू आ रही है। यह भी काबिले गौर है कि सीवरेज लाइन बिछाने के कार्य के बाद सतनाली में अब तक जनस्वास्थ्य विभाग इस योजना पर साढ़े 6 वर्ष बाद भी कार्य पूरा नहीं कर पाया है। ध्यान रहे कि दिसंबर 2018 में जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम पंचायत सतनाली में सीवरेज व्यवस्था का कार्य शुरू करने के लिए करीब सात करोड़ की लागत से टेंडर जारी किया गया था।



सीवरेज व्यवस्था के लिए पंचायत द्वारा रावला जोहड़ के पास लगभग 8 एकड़ जगह चिन्हित की गई थी। संबंधित ठेकेदार द्वारा कुछ दिनों बाद ही काम शुरू कर दिया गया था तथा सीवरेज कार्य शुरू होने के बाद से लोग ठेकेदार व विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाते रहे है। ग्रामीणों का आरोप था कि संबंधित ठेकेदार द्वारा कार्य के दौरान भारी अनियमितताएं बरती गई तथा कस्बे की गलियों को तोडकर सीवरेज लाइन बिछा दी तथा टेंडर की शर्तों के अनुसार इसके साथ ही बिछाई जाने वाली पेयजल पाइप लाइन को नहीं बिछाया गया। ग्रामीणों की लगातार शिकायतों के बाद इस मामले को लेकर तत्कालीन एसडीएम विश्राम कुमार मीणा व तत्कालीन जिला उपायुक्त आर के सिंह ने मौके का निरीक्षण कर जांच का आश्वासन दिया था। मामले में जांच तो दूर बल्कि न तो सीवरेज कार्य की अनियमितताएं दूर की गई न ही कार्य पूरा किया गया।

**40 प्रतिशत कार्य अभी भी अधूरा:-**

सूत्रों की मानें तो कस्बे में अभी तक केवल 60 प्रतिशत कार्य ही पूरा किया गया है तथा बाकी कार्य पूरा करने के लिए विभाग गंभीर नहीं है। कस्बे में अनेक गलियां ऐसी है जहां सीवरेज व पाईप लाईन लाईन बिछाई ही नहीं गई। टेंडर की शर्तो के अनुसार गलियों में तोड़ी गई सडकों की मरम्मत तक नहीं की गई। ठेकेदार ने बिना नक्शे के ही सीवर लाइन बिछा दी, जहां नक्शे के अनुसार बिछनी थी वहां सीवर लाइन बिछाई ही नहीं जबकि लोगों के खेतों में बनाई गई कालोनियों में सीवरेज लाईन बिछाई गई है। ऐसे में विभाग की कार्यप्रणाली व अधिकारियों के रवैये पर सवाल उठ रहे है। क्षेत्रवासियों ने मामले को लेकर मुख्यमंत्री सहित जिला उपायुक्त को शिकायत भेजकर मामले की उच्चस्तरीय जांच करने व सीवरेज कार्य के टेंडर व नक्शे के अनुसार सीवरेज व पाइप लाइन कार्य पूरा करवाने की मांग की है।

# सामूहिक जिम्मेदारी की भावना प्रोत्साहित करता है प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात कार्यक्रम : विरेंद्र कौशिक

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**

**भिवानी, 29 जून।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता रविवार को स्थानीय विश्राम गृह में जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 123वें एपिसोड को सुनने के लिए एकत्र हुए। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम एक मासिक रेडियो प्रसारण है, जो प्रधानमंत्री मोदी को राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न विषयों पर नागरिकों से सीधे जुडने की अनुमति देता है। कौशिका ने पार्टी



सदस्यों से प्रधानमंत्री के संदेशों का प्रसार करने और जमीनी स्तर पर सरकार की पहलों को लागू करने की दिशा में काम करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात कार्यक्रम सरकार की नीतियों के बारे में मूल्यवान जानकारी प्रदान करता है और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करता है। इस तरह की सभाएं भाजपा कार्यकताओं के लिए एक नियमित विशेषता है, जिसका उद्देश्य उन्हें पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा सूचित और प्रेरित रखना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी इस कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न सामाजिक, आर्थिक और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर अपने विचार साझा करते हैं, जिससे नागरिकों में जागरूकता और प्रेरणा का संचार होता है।

## अवैध कॉलोनियों पर चला पीला पंजा

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**

**करनाल, 29 जून।** जिला नगर योजनाकार ने बताया कि गत दिवस कैथल रोड पर पनप रही दो अवैध कॉलोनियों पर पीला पंजा चलाया गया। उन्होंने बताया कि इनमें से एक अवैध कॉलोनी जो कि लगभग 3.5 एकड़ में कैथल रोड पर गन्दा नाला के पास स्थित है जिसमें सभी तीन डी.पी.सी., एक डीलर कार्यालय, चारदीवारी, सीवर नेटवर्क एवं कच्ची सडक के विरूद्ध तोडफोड़ की कार्रवाई की गई। इसी प्रकार से दूसरी अवैध कॉलोनी जो कि लगभग छह एकड़ में कैथल रोड पर पेट्रोल पम्प के पीछे स्थित है जिसमें तीन डी.पी.सी., छह चारदीवारी एवं पक्की/कच्ची सडकों के विरूद्ध तोडफोड़ की कार्रवाई की गई। इस दौरान जिला नगर योजनाकार, ड्यूटी मजिस्ट्रेट व थाना सदर की पुलिस फोर्स मौके पर मौजूद रही।

जिला नगर योजनकार ने लोगों से अपील की कि कोई भी व्यक्ति अवैध कालौनी में कोई निर्माण न करें अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों व निमार्णों के विरुद्ध किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी व तोडफोड़ की कार्रवाई जारी रहेगी। दोषियों के विरुद्ध मामले दर्ज करवाये जाएंगे।

## महिलाओं के लिए सुनहरा अवसर, मिलेगा पांच लाख तक का ऋण

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**

**करनाल, 29 जून।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की हुई है, जिसके तहत बैंक के माध्यम से पांच लाख रुपए तक का ऋ ण उपलब्ध करवाया जाता है।

उन्होंने बताया की हरियाणा सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है। इस योजना का लाभ महिलाओं को केवल तभी प्रदान किया जाएगा जब उनकी पारिवारिक आय 5 लाख या फिर इससे कम हो, साथ ही महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा वह पूर्व के किसी ऋण मामले में डिफाल्टर नहीं होनी चाहिए। महिला का हरियाणा का निवासी होना अनिवार्य है। यह योजना महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बेहद कारगर सिद्ध होगी तथा उनके जीवन स्तर में भी सुधार आएगा। उन्होंने बताया की योजना के माध्यम से महिलाओं को 5 लाख तक का ऋण 7 प्रतिशत ब्याज दर की छूट पर उपलब्ध करवाया जाता है। इस ऋण के माध्यम से महिलायें स्वरोजगार स्थापित करके दूसरे नागरिकों को भी रोजगार प्रदान कर सकेंगी। उन्होंने बताया कि महिलाएं इस योजना के तहत ऋण लेकर यातायात वाहन के तहत ऑटो रिक्शा, छोटा सामान ढोने के वाहन, थ्री व्हीलर, ई रिक्शा, टैक्सी, सामाजिक व व्यक्तिगत सेवा गतिविधियों के तहत सैलून, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, बुटीक, फोटोस्टेट की दुकान, पापड़ बनाना, अचार बनाना, हलवाई की दुकान, फूड स्टॉल, आइसक्रीम बनाने की यूनिट, बिस्कुट बनाना, टिफिन सर्विस, मिट्टी के बर्तन आदि बनाने का काम शुरू कर सकती हैं। योजना का लाभ लेने के लिए निर्धारित दस्तावेज आवेदन के साथ जमा करवाने होंगे। इन दस्तावेजों में आवेदन पत्र, परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट आकार फोटो, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, ट्रेनिंग प्रमाण पत्र/ अनुभव प्रमाण पत्र आदि शामिल है। सभी दस्तावेजों की दो-दो फोटो प्रति होनी आवश्यक है।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 12 जुलाई को: डा. इरम हसन

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**

**करनाल, 29 जून।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में 12 जुलाई को जिला न्यायिक परिसर व सब डिवीजन इन्द्री, असंध व घरौंडा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत मे कोई भी व्यक्ति आपसी रजामंदी व समझौते के आधार पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने लंबित मुकदमों का निपटारा करा सकता है।

# मानसून की पहली बरसात से गर्मी और उमस से मिली राहत, कस्बे की गलियां और रेलवे अंडरब्रिज हुए पानी से लबालब

### एक घंटे तक जमकर बरसे बदरा, मौसम हुआ सुहावना

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**सतनाली, 29 जून।** पिछले कुछ दिनों से उमस भरी गर्मी से परेशान सतनाली क्षेत्रवासियों को रविवार दोपहर बाद मानसून की पहली तेज बरसात से राहत मिली वहीं सतनाली कस्बे में जगह जगह जलभराव और रेलवे अंडरब्रिज पानी से लबालब हो गए जिससे लोगों को परेशानी भी उठानी पड़ी। बरसात के बाद कस्बे में उचित साफ सफाई व जलनिकासी व्यवस्था के अभाव में जगह जगह जलभराव हो गया तथा हालत विकट हो गए। निचले इलाको में घरों में पानी घुस गया तथा बाजार में भी कई दुकानों में पानी घुसने से सामान खराब हो गया। ऐसे में पंचायत द्वारा मानसून से निबटने की तैयारियों के दावे की भी पोल खुल गई। उल्लेखनीय है कि रविवार दोपहर





बाद हुई तेज बरसात के कारण मौसम सुहावना हो गया तथा लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं कस्बे में तेज बरसात के बाद जलनिकासी के उचित प्रबंध न किए जाने के कारण जलभराव की स्थिति पैदा हो गई तथा जलभराव के कारण गलियों में गुजरने के लिए जगह नहीं रही जिससे आम लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सतनाली व आसपास के क्षेत्र के सोमवार दोपहर अचानक मौसम में बदलाव हुआ और आसमान में बादलों की घटाओं व तेज हवा के साथ बरसात शुरू हो गई तथा उसके बाद करीब एक घंटे तक बरसात जारी रही जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। तेज बरसात के कारण कस्बे के अस्थाई बस स्टैंड, दादरी रोड, पुराना बस स्टैंड क्षेत्र, महेंद्रगढ़ टी प्वाइंट, बाबा भैरव कॉलोनी, मोहल्ला कुम्हारन सहित सभी मुख्य स्थानों व गलियों में बरसाती पानी जमा हो गया। कस्बे से गुजरने वाले दादरी रोड़ रेलवे अंडरब्रिज, बाढड़ा रोड़ अंडरब्रिज, नावां के रास्ते पर बने अंडरब्रिज में बरसाती पानी का जलभराव हो गया जिस कारण इन मार्गो पर वाहनों का आवागमन ठप्प हो गया। रेलवे अंडरब्रिज पानी से लबालब नजर आए जिस कारण तालाब का नजारा बन गया। अंडर ब्रिज के नीचे से जलभराव होने के कारण वहां से वाहन चालकों को निकलने में खासी परेशानी हुई तथा अनेक वाहन इसके पानी में बंद हो गए। क्षेत्रवासियों का कहना है कि हर बार बरसात के समय रेलवे अंडरब्रिज तालाब का रूप ले लेते है तथा रेलवे द्वारा इन अंडर ब्रिज पर पानी निकासी के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जाते है परंतु हालात वही ढाक के तीन पात रहते है। उन्होंने रेलवे व प्रशासन से मांग की है कि रेलवे अंडर ब्रिज पर पानी निकासी के उचित प्रबंध किए जाए। कस्बे के लोगों ने भी पंचायत से जलनिकासी के उचित प्रबंध करने की मांग की है ताकि आगामी मानसून बरसात के दौरान भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो।

## संपादक की कलम से

# नीतियों के बावजूद क्यों प्यासी है भारत की धरती?

**भारत** की धरती पर जल का संकट एक ऐसी विडंबना बन चुका है, जिसे देखकर हैरानी होती है कि इतनी योजनाओं, घोषणाओं और नीतियों के बावजूद यह देश बूंद-बूंद के लिए क्यों तरस रहा है। जब कोई देश दुनिया की 18% जनसंख्या को समेटे हुए हो और उसके पास केवल 4% ताजे जल संसाधन हों, तो संकट की आशंका तो बनती है, पर यदि यही देश दशकों से जल संरक्षण और जल प्रबंधन की योजनाओं का ढोल पीटता हो और फिर भी सूखा, प्यास, और जलजनित बीमारियाँ उसके हिस्से में आएं – तो यह केवल प्राकृतिक संकट नहीं, यह नीति, प्रशासन और नागरिक चेतना की सामूहिक असफलता है। भारत में पानी की स्थिति को अगर आंकड़ों की भाषा में समझें, तो भयावहता साफ दिखाई देती है। नीति आयोग की रिपोर्ट कहती है कि भारत विश्व का सबसे बड़ा भूजल उपभोक्ता है – लगभग 25% भूजल अकेले भारत निकालता है। 11% से अधिक भूजल खंड अत्यधिक दोहित यानी ङ्क्पीश्-ी७स्त्र'ङ्कशी की स्थिति में हैं। दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद जैसे 21 प्रमुख शहरों के 2030 तक भूजल समाप्त होने की चेतावनी दी जा चुकी है। वहीं दूसरी ओर, 70% जल स्रोत प्रदूषित हैं। फ्लोराइड, आर्सेनिक, नाइट्रेट और भारी धातुओं से दूषित यह जल 23 करोड़ से अधिक लोगों को प्रभावित कर रहा है। हर साल लगभग 2 लाख मौतें सिर्फ जलजनित बीमारियों से होती हैं – यह सिर्फ आंकड़ा नहीं, यह हमारी संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। पानी का यह संकट केवल ग्रामीण इलाकों या गरीबों तक सीमित नहीं है। 2019 में जब चेन्नई जैसे आधुनिक शहर को "ऊं८ीश्ङ्क" का सामना करना पड़ा और जल ट्रेनें चलानी पड़ीं, तब यह साफ हो गया कि यह समस्या अब दरवाजे पर नहीं, घर के भीतर आ चुकी है। और फिर भी हम इसे मौसमी समस्या मानकर हर बार भूल जाते हैं।

सवाल यह है कि नीतियाँ तो बनीं – राष्ट्रीय जल नीति (2012), जल जीवन मिशन, अटल भूजल योजना, नमामि गंगे, जल शक्ति अभियान – पर फिर भी पानी का स्तर क्यों गिरता जा रहा है? जवाब सरल है – हमारी नीतियाँ जमीन पर नहीं उतरतीं, और हमारे व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं आता। आज भी देश के अधिकांश किसान पानी की फिजूलखर्ची करने वाली फसलों की खेती करते हैं। पंजाब और हरियाणा जैसे जल-संकटग्रस्त राज्य में धान और गन्ने की खेती केवल इसलिए होती है क्योंकि सरकार टरढ और मुफ्त बिजली देती है। नतीजा – भूजल का तेजी से दोहन, खेतों का क्षरण, और जल स्रोतों का खत्म हो जाना। दूसरी ओर, ड्रिप सिंचाई या स्प्रिंकलर जैसे आधुनिक जल संरक्षण उपायों की पहुंच केवल 9% खेतों तक ही सीमित है। किसान जानते हैं, पर अपनाते नहीं – क्योंकि नीति और व्यवहार में दूरी है। शहरों की बात करें तो पाइपलाइन से लेकर टंकी तक, हर जगह लीकेज और बबार्दी का आलम है। स्मार्ट मीटरिंग अभी भी अधिकांश नगरपालिकाओं के लिए नया शब्द है। पुनः उपयोग और वर्षा जल संचयन जैसे उपाय कहीं-कहीं दिखते हैं, लेकिन सामूहिक रूप से अपनाए नहीं जाते। सबसे चिंताजनक बात यह है कि जल संकट को अब भी केवल प्राकृतिक समस्या समझा जाता है। जबकि यह एक स्पष्ट रूप से नीतिगत और नैतिक संकट है। जब तक यह दृष्टिकोण नहीं बदलेगा, तब तक कोई भी योजना सफल नहीं होगी। अब समय आ गया है कि भारत पानी को "मुफ्त संसाधन" मानना बंद करे और उसे "जीवन मूल्य" की तरह देखे। इसके लिए कुछ गहन और ठोस सुधारों की आवश्यकता है। सबसे पहले, पानी की कीमत तय होनी चाहिए – चाहे वह पीने का हो, या सिंचाई का। मुफ्त पानी की संस्कृति ने उपभोग को बबार्दी में बदल दिया है। जल का मूल्य निर्धारण सामाजिक न्याय और पर्यावरणीय विवेक के बीच संतुलन साध सकता है।

दूसरा, सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों को केवल योजना पत्रों से निकालकर जमीनी हकीकत बनाना होगा। इसके लिए तकनीकी प्रशिक्षण, सस्ती उपलब्धता, और स्थानीय स्तर पर सहायता तंत्र बनाना होगा। तीसरा, भूजल का प्रबंधन केवल सरकार का नहीं, ग्राम पंचायतों और स्थानीय समुदायों का भी कर्तव्य होना चाहिए। अटल भूजल योजना को इस दिशा में सफल मॉडल के रूप में बढ़ाया जा सकता है। चौथा, किसानों को केवल फसल बीमा या सब्सिडी नहीं, जल आधारित फसल मार्गदर्शन की जरूरत है। यह तभी होगा जब टरढ का ढांचा जल संरक्षण के अनुकूल फसलों को बढ़ावा देगा। देश को ऐसे नीतिगत हस्तक्षेपों की जरूरत है जो किसान की आय भी बढ़ाएं और पानी की बचत भी करें। पाँचवां, शहरों में जल पुनर्चक्रण अनिवार्य किया जाए। जो नगर पालिकाएं को नहीं करतीं, उन्हें दंड और प्रोत्साहन दोनों के माध्यम से बदला जाए। बड़े भवनों में वर्षा जल संचयन अनिवार्य हो, और इसके अनुपालन की निगरानी की जाए। छठा, बच्चों के स्कूली पाठ्यक्रम में जल संरक्षण को केवल पर्यावरण अध्याय के रूप में न पढ़ाया जाए, बल्कि व्यवहार परिवर्तन के रूप में सिखाया जाए। यदि अगली पीढ़ी जल को कीमती माने, तो आज की प्यास भविष्य की सूखी धरती को बचा सकती है।

## अमरीका के लिए भारत- चीन एक जैसे

ताली एक हाथ से नहीं बज सकती। यह सही है कि अमेरिका आर्थिक-सैन्य दृष्टि से अब भी ताकतवर है, लेकिन अब उसका प्रभाव पहले जैसा नहीं और यह एक तथ्य है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत का अंतरराष्ट्रीय कद बढ़ा है। इसकी अनदेखी कोई चीन भी नहीं कर पा रहा है। पिछले दिनों भारत की पाक पर की गई स्ट्राईक से पाक चीन, और अमरीका तिलमिलाए हुए है। वैश्विक स्तर पर भारत ने पिछले कुछ समय से अपना एक अलग प्रभाव बनाया है। ऐसे में भारत को चीन एवं अमेरिका, दोनों से सावधान रहने के साथ अपनी आर्थिक शक्ति बढ़ानी चाहिए। अमेरिका और विशेष रूप से राष्ट्रपति ट्रंप से ऐसे संकेत मिलना अच्छा तो है कि भारत से जल्द व्यापार समझौता हो सकता है, लेकिन मोदी सरकार को इसके प्रति सतर्क रहना होगा कि यह समझौता ट्रंप की शर्तों अथवा उनके दबाव और प्रभाव में बिल्कुल भी न होने पाए। भारत को इस मामले में अडिग रहना चाहिए और अपनी दृढ़ता प्रदर्शित भी करनी चाहिए। इसलिए करनी चाहिए, क्योंकि ट्रंप केवल अमेरिका और यहां तक कि अपने निजी हितों को प्राथमिकता दे रहे हैं। वे अमेरिका को महान बनाने के लिए कुछ ज्यादा ही जल्दी दिखा रहे हैं।दूसरी तरफ अमरीका और चीन का पाकिस्तान प्रेम के साथ और कई घटनाक्रम भारत के लिए लगातार चिन्ता का विषय है। ऐसे में भारत को चीन के साथ अमरीका से भी किसी तरह के समझौते से पूर्व इस पर गहन मंथन करना चाहिए। वैसे तो अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में उन्हें अमेरिका के हितों की चिंता करनी चाहिए, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि वे अपनी ही नीतियों के विपरीत आचरण करें और भारत सरीखे मित्र देश के प्रति बेरुखी दिखाएं। यह तो हद ही है कि वे भारत के हितों की चिंता करने के बजाय उस पाकिस्तान के प्रति सहानुभूति दिखा रहे हैं, जिसे अपने पहले कार्यकाल में धोखेबाज, आतंकियों का समर्थन करने एवं अमेरिका से छल करके पैसे ऐंठने वाला बता चुके हैं। अब वे उसके सबसे बड़े हितैषी दिखना चाह रहे हैं। वैसे भी ट्रंप की मनमानी टैरिफ नीति चल नहीं पा रही है और उन्हें अपने कठोर रवैये को मजबूरी में नरम करना पड़ा है।

सके चलते उनकी घर और बाहर फजीहत हो चुकी है। वैसे तो ट्रंप शांतिदूत बनना चाहते हैं, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति से अधिक व्यापारी बनने पर आमादा हैं। यह उनकी मर्जी कि जो चाहे करें, लेकिन भारत को उन्हें अपने साथ मनमानी नहीं करने देनी चाहिए। भारत ने यह कहकर सही किया कि उसे व्यापार समझौते की जल्दी नहीं। आपरेशन सिंदूर और इजरायल-ईरान युद्ध में ट्रंप के दोहरे रवैये को पूरी दुनिया ने देख रही है। यदि भारत को अमेरिका की आवश्यकता है तो उसे भी भारत का साथ चाहिए। दो देशों के बीच मित्रता तभी कायम रह पाती है, जब वे-एक दूसरे के हितों का आदर करते हैं। ट्रंप ऐसा नहीं कर रहे हैं।

# बढ़ रहा सोशल मीडिया का प्रभाव- जिम्मेदारी और जागरूकता जरूरी

**सुनील कुमार महला**

30 जून को 'विश्व सोशल मीडिया' दिवस मनाया जाता है। आज के युग में सोशल मीडिया का बहुत महत्व है। यह सोशल मीडिया(फेसबुक, व्हाट्स एप, ट्विटर, इंस्टाग्राम) ही है जिसके कारण आज दुनिया श्रिंक हो गई है। यह आपस में लोगों को जोड़ने, विचारों का आदान-प्रदान करने तथा समाज और देश में पाजीटिव बदलाव लाने का एक सशक्त और शानदार माध्यम है। वास्तव में, यह दिन सोशल मीडिया के हमारे जीवन में महत्व को पहचानने और इसका जश्न मनाने के लिए मनाया जाता है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 1997 में, पहला सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'सिक्सडिग्रीज' लॉन्च किया गया था, और वर्ष 2010 में मैशेबल द्वारा विश्व सोशल मीडिया दिवस की शुरूआत की गई थी। गौरतलब है कि एंड्रयू वेनरिच द्वारा स्थापित, इस वेबसाइट पर उपयोगकर्ता अपने मित्रों और परिवार के सदस्यों को सूचीबद्ध कर सकते थे और इसमें प्रोफाइल, बुलेटिन बोर्ड और स्कूल संबद्धता जैसी सुविधाएँ थीं। हालांकि, दस लाख से ज्यादा उपयोगकताओं के बावजूद वर्ष 2001 में इसे बंद कर दिया गया था। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पहला आधुनिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 2002 में फ्रेंडस्टर था। इसी प्रकार से लिंक्डइन, पहला व्यवसाय-केंद्रित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 2003 में लॉन्च किया गया था। माईस्पेस 2004 में लॉन्च हुआ, उसी साल फेसबुक(कैम्ब्रिज, मैसाचुसेट्स में स्थापित इस वेबसाइट के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग) भी लॉन्च हुआ। बाद में वर्ष 2006 तक माईस्पेस दुनिया का सबसे बड़ा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बन गया।यूट्यूब(विडियो वेबसाइट जिसका जन्म कैलिफोर्निया के सैन मेटियो में हुआ) ने वर्ष 2005 में और उसके बाद ट्विटर ने वर्ष 2006 में सीमित अक्षरों वाला



**कोई भी पोस्ट इन मंचों पर पोस्ट की जाती है तो उसके दूरगामी प्रभाव होते हैं, इसलिए यह बहुत ही जरूरी है कि इन मंचों पर प्रामाणिक और विश्वसनीय जानकारी ही पोस्ट की जाए और देश की सुरक्षा का हमेशा ध्यान रखा जाए। बहरहाल, कहना गलत नहीं होगा कि सोशल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रकार के प्रभाव हैं। सोशल मीडिया संचार और सामाजिकीकरण को बढ़ावा देता है। यह विभिन्न सामाजिक मुद्दों, राजनीतिक आंदोलनों और शैक्षिक अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त करने का एक शक्तिशाली उपकरण है।**

अपना प्लेटफॉर्म शुरू किया।इंस्टाग्राम साल 2010 में लॉन्च हुआ और इसने तेजी से विकास किया। बहरहाल, आज दिन-ब-दिन सोशल मीडिया की लोकप्रियता बढ़ती ही चली जा रही है लेकिन यह बहुत ही दुखद है कि तकनीक का आज मिसयूज(गलत उपयोग) किया जा रहा है। आज सोशल मीडिया पर डेटा चोरी किया जाता है। अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया जाता है। फर्जी खबरों को लेकर विवाद होता है। ऐसी ऐसी सामग्री या कंटेंट का प्रचार प्रसार देखने को मिलता है, जिससे मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य(अवसाद और चिंता के कारण) पर बहुत बुरा असर पड़ता है। साइबर बुलिंग(एक दूसरे को धमकाना, परेशान करना) की समस्या जैसे आज आम हो चली है।सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग वास्तविक दुनिया के रिश्तों को कम कर सकता है, जिससे सामाजिक अलगाव हो सकता है। इतना ही नहीं, सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन को भी प्रभावित करता है। वास्तव में आज सोशल मीडिया पर नकारात्मक(नेगेटिव), गलत और भ्रामक सूचनाओं, जानकारियों से बचने की जरूरत है। यह ठीक है कि हमारे देश में अभिव्यक्ति की आजादी सबको प्रदान की गई है, लेकिन पिछले कुछ समय से देश और समाज के कुछेक लोगों ने तकनीक और अभिव्यक्ति की आजादी का बहुत ही गलत उपयोग किया है।

विशेषकर यू ट्यूबर्स-नैतिकता और मयार्दा को तांक पर रखकर कुछ भी ऊल-जुलूल इन माध्यमों पर बेरोकटोक परोस रहे हैं। यू-ट्यूबर्स और फेसबुक पर कंटेंट प्रस्तुतीकरण का तरीका बहुत ही अजीबोगरीब व गलत हो गया है। फेसबुक, यूट्यूब पर ज्यादा से ज्यादा लाइक्स, शेयर और कमेंट्स पाने के लिए यूट्यूबर्स और फेसबुक संचालक अपनी मयार्दाएं भूल रहें हैं और उन्हें समाज और देश से कोई भी सरोकार नहीं रहा है। बहरहाल, पाठक जानते हैं कि यू-ट्यूब और फेसबुक सार्वजनिक मंच हैं और आज संपूर्ण विश्व इन मंचों से जुड़ा हुआ है।

कोई भी पोस्ट इन मंचों पर पोस्ट की जाती है तो उसके दूरगामी प्रभाव होते हैं, इसलिए यह बहुत ही जरूरी है कि इन मंचों पर प्रामाणिक और विश्वसनीय जानकारी ही पोस्ट की जाए और देश की सुरक्षा का हमेशा ध्यान रखा जाए। बहरहाल, कहना गलत नहीं होगा कि सोशल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रकार के प्रभाव हैं। सोशल मीडिया संचार और सामाजिकीकरण को बढ़ावा देता है। यह विभिन्न सामाजिक मुद्दों, राजनीतिक आंदोलनों और शैक्षिक अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त करने का एक शक्तिशाली उपकरण है। यह सोशल मीडिया ही है जो रचनात्मकता और आत्म-अभिव्यक्ति को अवसर प्रदान करता है। यह व्यावसायिक अवसरों को जन्म दे सकता है। सामाजिक परिवर्तन लाने की अभूतपूर्व क्षमताएं रखता है।सोशल मीडिया संकट के समय में लोगों को समर्थन और प्रोत्साहन प्राप्त करने, दूसरों के साथ जुड़ने और अकेलेपन को कम करने में मदद करता है। सीखने के अवसरों के साथ ही सोशल मीडिया व्यक्तिगत विकास में भी सहायक सिद्ध होता है। बस जरूरत इस बात की है कि हम तकनीक का प्रयोग पूरी जिम्मेदारी, जागरूकता और संतुलित तरीके से करें। तभी वास्तव में इस दिवस को मनाने की सार्थकता सिद्ध हो सकती है।

सुनील कुमार महला, फ्रीलांस राइटर, कालमिस्ट व युवा साहित्यकार, उत्तराखंड।

## ऑपरेशन सिंदूर से उभरी भारत की वैश्विक छवि

**संजीव**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के जवाबी हमले से पाकिस्तान के 9 एयरबेस की तबाही और लगभग 100 दुर्दांत आतंकवादी मारे जाने के बाद भारत की छवि विश्व में एक दमदार शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरी है। अब भारत से कई देश से अस्त्र-शस्त्र की खरीदी के लिए कतार में खड़े होते दिखाई दिए हैं । भारत ने जिस तरह ब्रह्मोस मिसाइल और २400 से चीनी तथा टर्किए के 500 से ज्यादा ड्रोन तथा मिसाइल को हवा में ही ध्वस्त किया है वह अपने आप में एक वैश्विक मिसाल है। इसमें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मध्यस्तता का श्रेय लेने की कोशिश में लगे हुए थे किंतु भारत के कठोर रुख के कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपना बयान बदलकर यू टर्न लेना पड़ा जिससे भारत की छवि और बेहतर हो गई है। भारत ने कूटनीतिक पहलकर पाकिस्तान की आतंकवादी छवि को स्पष्ट करने के लिए लगभग 60 सांसदों को विभिन्न देशों में भेज कर पारदर्शिता का एक अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया है' भारत विश्व में अब एक बड़ी राजनीतिक,आर्थिक तथा सामरिक शक्ति बन कर उभरा है' भारत में वर्तमान में अपनी वैश्विक छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुगुना किया है' विदेशों में भारत की स्थिति में निरंतर सुधार हुआ है। भारत की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर बनाने के लिए कूटनीति आर्थिक व्यापारिक समझौते तथा पाकिस्तान को युद्ध में बुरी तरह परास्त करने के बाद एक बड़ी सामरिक शक्ति बनकर उभरने के अलावा इस समय बहुत बड़ा योगदान भारत के हर क्षेत्र के डिजिटलाइजेशन का भी ज्यादा रहा है' भारत में डिजिटलाइजेशन के नए आयामों को छुआ है और विश्व में इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका भी निभा रहा है' इसमें दो मत नही कि वर्तमान के प्रधानमंत्री का बड़ा योगदान और ऊर्जावान,दमदार वैश्विक नेता के रूप में भूमिका रही है । पिछले 11 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदेश नीति में खुलापन तथा विदेशी निवेशकों को भारत में आमंत्रित किया है उससे इसमें बड़े परिवर्तन की संभावनाओं इजाफा किया है' भारत विश्व का एकमात्र सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है' कई वर्षों से ब्रिटिश उपनिवेश में रहने और स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात गरीबी, भुखमरी ,बेरोजगारी जैसे बड़े रुकावटी कारकों का से जिस तरह डटकर मुकाबला कर उस से निजात पाने का प्रयास किया है वह अत्यंत उल्लेखनीय है। कोरोना कल में भारत ने अभूतपूर्व तरीके से स्वदेशी दवाइयां का एवं अन्य उपकरणों का निर्माण कर करके एक रिकॉर्ड भी बनाया है और इस पहल के परिणाम स्वरूप भारत में करोन पर प्रभावी नियंत्रण पानी में सफलता पाई थी। इसके अलावा भारत में ऐसे संक्रमण काल में स्वदेशी निर्मित मेडिकल इंजेक्शन दवाईयां तथा उपकरणों को भी विदेशी देशों को मदद पहुंचाई थी।

स्वतंत्रता मिलने के पश्चात भारत में नियोजन की नीति अपनाई तथा वर्ष 1951 में प्रारंभ पंचवर्षीय योजनाओं के अंतर्गत सभी चुनौतियों का सामना करते हुए सराहनीय प्रगति की है' वर्ष 1951 से लेकर अब तक 12 पंचवर्षीय योजनाएं क्रियान्वित की जा चुकी है' वर्ष 2015 में राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान की स्थापना की गई जो भारत को वैश्विक स्तर पर महाशक्ति बनाने की दिशा में सहयोग कर रहा है' वैश्विक स्तर पर भारत की खेती 1990 के पश्चात निरंतर बढ़ रही है इस दिशा में 1990 के दशक में भारत सरकार द्वारा अपनाई जाने वाली उदारीकरण निजीकरण तथा वैश्वीकरण की नीति का महत्वपूर्ण योगदान भी माना जा रहा है' उक्त समय में भारत की दशा अत्यंत दयनीय थी इसके अतिरिक्त मुद्रास्फीति बेरोजगारी जैसी स्थित ने विकराल रूप धारण कर लिया था, किंतु विकास की नीति को अपनाने के पश्चात से भारत ने इन परिस्थितियों से निपटने के साथ ही आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त किया भारत ने अपने प्राकृतिक संसाधनों एवं विशाल जनसंख्या के उपयोग कर विश्व पटल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है' भारत की विशाल जनसंख्या को आर्थिक सफलता के मजबूत स्तंभ कहा जा सकता है। भारत ने अपने प्राकृतिक संसाधनों एवं विशाल जनसंख्या का उपयोग कर उत्पादन को कई गुना बढ़ाया है' आज की स्थिति में भारत को एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में देखा जा सकता है और इसे तथाकथित भावी विश्व शक्ति चीन का सबसे ताकतवर प्रतिनिधि तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का भावी सदस्य के रूप में भी देखा जा रहा है।

# एक्सिओम-4 और भारत की वैश्विक पहचान

**एक्सिओम-4** मिशन भारत के अंतरिक्ष इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण है। वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ल की सहभागिता से यह मिशन सिर्फ तकनीकी उपलब्धि नहीं बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की उपस्थिति का प्रतीक बन गया है। अमेरिका की एक्सिओम-4 स्पेस और नासा के सहयोग से हुआ यह अभियान भारत को मानव अंतरिक्ष यात्रा के क्षेत्र में नई ऊंचाईयों पर ले गया है। वैज्ञानिक प्रयोगों, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर यह मिशन आने वाले गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की नींव मजबूत करता है। 41 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद जब भारत का कोई प्रतिनिधि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की ओर रवाना हुआ, तो यह महज एक मिशन नहीं था, बल्कि भारत के अंतरिक्ष विज्ञान, वैश्विक कूटनीति और वैज्ञानिक प्रतिष्ठा का पुनर्जन्म था। एक्सिओम-4 मिशन में भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ल की भागीदारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अब अंतरिक्ष की दौड़ में सिर्फ एक सहभागी नहीं, बल्कि एक संभावित नेतृत्वकर्ता के रूप में देखा जा रहा है। इस मिशन के माध्यम से भारत ने एक साथ कई स्तरों पर उपलब्धियाँ प्राप्त कीं। सबसे पहले, वैज्ञानिक दृष्टिकोण से बात करें तो भारत ने इस मिशन के तहत सात प्रमुख वैज्ञानिक प्रयोग अंतरिक्ष में भेजे। ये सभी प्रयोग सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण पर आधारित थे और इनका उद्देश्य जीवन के विभिन्न पहलुओं को समझना था। मेथी और मूंग जैसे बीजों पर किया गया अध्ययन भारतीय कृषि तकनीकों की विशिष्टता को अंतरिक्ष तक ले गया। इससे यह प्रमाणित होता है कि भारत की पारंपरिक खेती भी वैज्ञानिक शोध के लिए प्रासंगिक और आधुनिक है।

इसके अतिरिक्त, सूक्ष्मजीवों, माइक्रोएल्गी और मांसपेशियों के पुनरुत्पादन पर आधारित प्रयोगों ने दीर्घकालिक अंतरिक्ष यात्रा में जीवन समर्थन प्रणालियों के विकास में भारत की उपयोगिता को सिद्ध किया। इससे स्पष्ट है कि भारत केवल अंतरिक्ष में मौजूदगी दर्ज कराने नहीं बल्कि उसमें नवाचार और अनुसंधान के स्तर पर योगदान देने आया है। शुभांशु शुक्ल का स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन यान को सफलतापूर्वक डॉक करना और अंतरिक्ष में आपातकालीन स्थितियों का प्रशिक्षण प्राप्त करना, आने वाले गगनयान मिशन के लिए अमूल्य अनुभव है।




# गुजवि में दुरस्थ एवं ऑनलाइन दाखिलों के आवेदन प्रक्रिया दो जुलाई से शुरू

## इस वर्ष प्रदेश भर में शिक्षा केंद्र खोल रहा है विश्वविद्यालय-विद्यार्थियों की समय और संसाधनों की होगी बचत

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढ़ी**
**हिसार, 29 जून।** गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र सीडीओई ने 2025-26 शैक्षणिक सत्र के लिए दाखिला प्रक्रिया आरंभ कर दी है। दो जुलाई से केंद्र का प्रवेश पोर्टल खुलेगा। इस वर्ष हरियाणा के सभी जिला मुख्यालयों में शिक्षा केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

विश्वविद्यालय ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग ओडीएल और ऑनलाइन लर्निंग दोनों माध्यमों से कार्यक्रमों की व्यापक श्रेणी के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि विश्वविद्यालय दूरस्थ शिक्षार्थियों की ट्रांसपोर्ट व लॉजिस्टिकल संबंधित समस्याओं को समझता है, इसलिए हरियाणा के लगभग हर जिले में शिक्षा केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। आने वाले समय में परीक्षाएं भी उन्हीं केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। हम अपने विद्यार्थियों को अपने घर के करीब परीक्षा लिखने में सशक्त बना रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह पहल विद्यार्थियों की यात्रा के खर्च को काफी कम करेगी ,जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी और विद्यार्थी अपनी शिक्षा को कुशलतापूर्वक पूर्ण कर सकेंगे। ये सभी कदम विद्यार्थियों के लिए शिक्षा को वास्तव में सुलभ और सुविधाजनक बनाने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते है। दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र के निदेशक, प्रोफेसर खुजान सिंह, ने ने कहा कि हमारा मिशन भौगोलिक बाधाओं को तोड?ा और व्यापक विद्यार्थियों को सुलभ, उच्च-गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने आगे कहा कि स्नातक से लेकर विशिष्ट डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के कार्यक्रमों की विविध श्रेणी को आज के गतिशील पेशेवर परिदृश्य के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से छात्रों को लैस करने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है।

**विभिन्न कार्यक्रम पोर्टफोलियो**
गुजवि के विभिन्न शैक्षणिक और व्यावसायिक आकांक्षाओं के अनुरूप कार्यक्रमों का एक मजबूत चयन प्रदान करना जारी रखे हुए-
1. स्नातक कार्यक्रम (ओपन और दूरस्थ शिक्षा माध्यम)
. बैचलर ऑफ आर्ट्स (बी.ए.)
. बी.ए. इन मास कम्युनिकेशन
. बैचलर ऑफ कॉमर्स (बी.कॉम)-ऑनलाइन माध्यम में भी उपलब्ध
2. स्नातकोत्तर कार्यक्रम (ओडीएल और ऑनलाइन दोनों माध्यमों में उपलब्ध)
. एम.ए. इन हिंदी
. एम.ए. इन इंग्लिश
. एम.ए. इन मास कम्युनिकेशन (लेटरल एंट्री सहित)
. एम.एससी. इन मैथमेटिक्स
. मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन्स (एमसीए)
. मास्टर ऑफ कॉमर्स (एम.कॉम)
. मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए)
3. एक वर्षीय डिप्लोमा कार्यक्रम



शुरू
कंप्यूटर एप्लीकेशन, मार्गदर्शन और परामर्श, श्रीमद्भगवद्गीता, डेटा साइंस, बिजनेस एनालिटिक्स, सप्लाई चेन एनालिटिक्स, फाइनेंशियल मार्केट, बैंकिंग और फाइनेंस, इंडस्ट्रियल हेल्थ एंड सेफ्टी, फूड क्वालिटी एश्योरेंस, सॉलिड हैजार्डस वेस्ट मैनेजमेंट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी, और स्वास्थ्य एवं पर्यावरण शिक्षा के लिए गुरु जम्भेश्वर जी महाराज के आध्यात्मिक उपदेश सहित विशिष्ट डिप्लोमा की एक विस्तृत श्रृंखला।
4. शॉर्ट-टर्म ऑनलाइन जॉब-ओरिएंटेड सर्टिफिकेट कोर्सेज
हरियाणा नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सहयोग से 32 शॉर्ट-टर्म ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स प्रदान किए गए हैं। इन्हें गुजविप्रौवि हिसार द्वारा वैल्यू-एडेड और स्किल एन्हांसमेंट कोर्सेज के रूप में मान्यता प्राप्त है, जो ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण और इंटर्नशिप के लिए आदर्श हैं, जिनमें आईटी एप्लीकेशन (जैसे प्रोग्रामिंग, ग्राफिक और वेब डिजाइनिंग), कम्युनिकेशन और सॉफ्ट स्किल्स, फाइनेंशियल अकाउंटिंग, बैंकिंग, रिटेल मैनेजमेंट, डिजिटल फ्रीलांसिंग और सोशल मीडिया मार्केटिंग जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

विस्तारित छात्र शिक्षण सहायता केंद्र/अध्ययन केंद्र
दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों को और अधिक सहायता प्रदान करने के लिए, सीडीओई ने हरियाणा भर में 15 अधिकृत छात्र शिक्षण सहायता केंद्र/अध्ययन केंद्र स्थापित किए हैं और 12 केंद्र विचाराधीन है। अभी तक के संचालित हमारे तीन शिक्षा केंद्र महारानी लक्ष्मी बाई कॉलेज, बालसमंद, हिसार, गुरु द्रोणाचार्य गर्ल्ज कॉलेज, मंडी आदमपुर, हिसार तथा ओडीएम कॉलेज फॉर विमेन मुकलाना, हिसार हैं।

इसके अलावा 2 जुलाई 2025 से नए शिक्षण केन्द्र जिनमें
ई5 कॉलेज फॉर विमेन, गढ़ी हांसी, डीजीपी डिग्री कॉलेज, सेक्टर 34 गुरुग्राम, एसएस गवर्नमेंट पीजी कॉलेज तिगांव, (फरीदाबाद), जेएनएल कॉलेज सेक्टर 16 ए फरीदाबाद, सीआर किसान कॉलेज, जींद, केएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, भिवानी, गवर्नमेंट विमेन कॉलेज, सिरसा, वैश्य कॉलेज, भिवानी, जनता विद्या मंदिर गणपत राय रासीवासिया कॉलेज, चरखी दादरी, डॉ बी आर अम्बेडकर गवर्नमेंट कॉलेज, जगदीशपुरा (कैथल), चै. मणि राम झोरड़ राजकीय महाविद्यालय, मीठी सुरेरां, ऐलनाबाद (सिरसा), राजकीय महाविद्यालय, महम (रोहतक), गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय(पलवल), छाजू राम मेमोरियल जाट कॉलेज (हिसार) और मनोहर मेमोरियल कॉलेज, फतेहाबाद में संचालित किए जाएंगे। इसके अलावा सोमनी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, (रेवाड़ी), दयानंद कॉलेज, (हिसार), राजकीय महाविद्यालय, (बरवाला), राजकीय महाविद्यालय, सिधरावली, (गुरुग्राम), आर्य पी.जी. कॉलेज, (पानीपत), राजकीय महिला महाविद्यालय, (महेंद्रगढ़), महाराणा प्रताप महिला महाविद्यालय, (मंडी डबवाली), एशिया पैसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एसडी इंडिया, फरीदपुर रोड, (पानीपत ) ,सनातन धर्म महिला महाविद्यालय, (हांसी), आदर्श महिला महाविद्यालय, (भिवानी) में शिक्षा केंद्र भी स्थापित किए जा रहे हैं।

आवेदन प्रक्रिया : आवेदन के लिए उपयोगकर्ता के अनुकूल ऑनलाइन पोर्टल 2 जुलाई, 2025 से वेबसाइट पर लाइव होगा। पात्रता मानदंड, शुल्क संरचना और आवेदन प्रक्रियाओं पर विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### पूर्व बैंक मैनेजर दहिया ने लगाया एक पौधा मां के नाम

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 29 जून।** भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष, गुरू रविदास विश्व महापीठ जिला अध्यक्ष, एससीएसटी विकास परिषद न्यू दिल्ली के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सेवानिवृत बैंक मैनेजर धर्मबीर सिंह दहिया ने का पौधा मां के नाम लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। धर्मबीर दहिया ने कहा कि पौधे हैं जो जीवन है युवाओं को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखरेख करनी चाहिए तभी हम पर्यावरण को शुद्ध बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने पर्यावरण को विरासत में दिया है उसे सुरक्षित रखना हमारा परम कर्तव्य बनता है। ये हमारे जीवन के लिए पूर्वजों द्वारा प्रदान की गई अमूल्य धरोहर है।



### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत नवजात वेदिका आर्य का जलवा पूजन, सिविल सर्जन ने बेटियों को बताया घर की लक्ष्मी



**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 29 जून।** केंद्र एवं हरियाणा सरकार द्वारा संचालित बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत भिवानी जिले में एक प्रेरणादायक आयोजन किया गया। जिले के रोहतक रोड स्थित एक निजी रिसॉर्ट में नवजात वेदिका आर्य के जन्म की खुशी में पारंपरिक जलवा पूजन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नारी सम्मान और सामाजिक बदलाव का प्रतीक बन गया।

वेदिका का जन्म खुशबू आदित्य प्रकाश एवं उर्मिला रानी के घर हुआ, जिसे परिवार ने बेटे की तरह मनाते हुए पूरे हर्षोल्लास से समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के तौर पर सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य, सीडीपीओ किरण देवी, सुपरवाइजर रेखा शर्मा, और आंगनबाड़ी वर्कर उर्मिला, बबीता, सुनीता, अंजना, दर्शना देवी, हेल्पर रेखा व अंजू सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सभी उपस्थित लोगों ने वेदिका और उसके परिजनों को बधाई दी और बेटी के जन्म को सौभाग्य का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि बेटा और बेटी में कोई अंतर नहीं होना चाहिए। समाज में बेटियों को बराबरी का अधिकार दिलाने के लिए इस तरह के आयोजनों की आवश्यकता है। बेटियों को भी वह हर अवसर और अधिकार मिलना चाहिए, जो एक बेटे को मिलते हैं।

### गेहूं चोरी के चार आरोपी काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 29 जून।** सीआईए कालांवाली व साइबर सेल ने गेहूं चोरी के मामले में चार आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों की पहचान मक्खन सिंह पुत्र रणधीर सिंह निवासी रामपुरा फुल जिला बठिंडा पंजाब, रामकृष्ण पुत्र सुरजीत सिंह निवासी वार्ड नंब 03 तलवंडी साबो हाल मोड मंडी मिश्रा कॉलोनी जिला बठिंडा पंजाब, सोनू कुमार पुत्र सुरेश कुमार व सुनील कुमार पुत्र सुरेश कुमार निवासी छतरगढ़ जिला बीकानेर राजस्थान के रूप में हुई है। सीआईए कालांवाली प्रभारी उप निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि 10.06.2025 को नरेश कुमार पुत्र विजय कुमार निवासी माडल टाऊन कालांवाली की शिकायत पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा 6/7 जून की रात को कालांवाली से तारूआना रोड पर स्थित स्टार वर्धक एग्री सीड्स से 60 गट्टे गेहूं चोरी कर लिए जाने पर थाना कालांवाली में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान उनकी टीम द्वारा गिरोह में शामिल एक आरोपी जगजीत सिंह पुत्र हरि राम निवासी मटदादू को पहले ही काबू कर बंद जेल करवा दिया था। जो आगामी कार्रवाई में जांच के दौरान सीआईए स्टाफ व साइबर सेल की टीम ने अपने वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग करते हुए महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए व गिरोह के चारों सदस्यों को धर दबोचने में सफलता हासिल की। आरोपियों को अदालत में पेश कर एक दिन का रिमांड हासिल किया गया है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपियों से मामले की गहनता से पूछताछ कर अन्य वारदातों बारे भी जानकारी हासिल की जाएगी।

### हत्या के प्रयास में वांछित आरोपी काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 29 जून।** सदर थाना डबवाली पुलिस ने रास्ता रोककर हत्या का प्रयास करने के मामले में वांछित आरोपी गुरप्रीत सिंह उर्फ लाडी पुत्र प्रीतम पाल उर्फ पाल निवासी नौरंग को काबू किया है।

सदर थाना डबवाली प्रभारी उप. निरीक्षक शैलेंद्र कुमार ने बताया कि 09.06.2025 को जगदीप सिंह पुत्र उत्तम सिंह निवासी तिगड़ी के बयान पर आरोपियों द्वारा उसे मिलने के बहाने बुलाकर उसका रास्ता रोककर हत्या का प्रयास करने पर मामला दर्ज किया गया। इस मामले में एएसआई राजेंद्र प्रसाद द्वारा जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान उन्होंने महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाते हुए एक आरोपी मनप्रीत सिंह उर्फ मनी पुत्र बलकार सिंह निवासी देसू मलकाना को पहले ही काबू कर जेल भेजा जा चुका है।

# संत कबीर साहब के 627वें प्रकाशोत्सव समारोह में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा

## बोले की- प्रत्येक समाज के महापुरुषों की जयंती सरकारी स्तर पर मना रही है हरियाणा सरकार

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढ़ी**
**हिसार, 29 जून।** हरियाणा सरकार में लोक निर्माण और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने रविवार को राजगढ़ रोड स्थित संत कबीर छात्रावास में आयोजित संत कबीर साहब के 627वें प्रकाशोत्सव समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया।

कैबिनेट मंत्री ने संत कबीर साहेब की वाणी और उनके जीवन के आदर्शों को स्मरण करते हुए कहा कि समाज को जोड? और अंधविश्वास मिटाने का कार्य संत कबीर ने अपने पूरे जीवन में किया। वे एक ऐसे युगदृष्टा थे जिन्होंने जाति, पंथ और ऊंच-नीच से ऊपर उठकर मानवता का संदेश दिया। कैबिनेट मंत्री ने कबीर छात्रावास के लिए 21 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। कैबिनेट मंत्री ने संत कबीर छात्रावास की व्यवस्थाओं की भी सराहना की और आश्वासन दिया कि सरकार द्वारा ऐसे संस्थानों को और अधिक मजबूत करने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर माहौल मिल सके।

कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चल रही है। सभी महापुरुषों की जयंती अब राज्य सरकार द्वारा आधिकारिक रूप से मनाई जा रही है, जिससे समाज में एकता और जागरूकता का संदेश फैल रहा है। उन्होंने कहा कि डीएससी समाज के अधिकारों की रक्षा करना सरकार की प्राथमिकता है। अब समाज के युवा बिना सिफारिश, बिना खर्चे के सरकारी नौकरियों में चयनित हो रहे हैं। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री की नीतियों का ही परिणाम है कि पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया से हजारों युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है। सरकार बिना खर्ची, बिना पर्ची के सिद्धांत पर काम कर रही है और युवाओं को उनकी मेहनत का फल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हो रहे विकास कार्य गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी तरीके से पूरे किए जा रहे हैं। सडकों, भवनों और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं में सुधार के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के माध्यम से जलापूर्ति और सीवरेज प्रणाली को आधुनिक बनाया जा रहा है।



कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में नलवा विधायक रणधीर पनिहार ने कहा कि संत कबीर की शिक्षा आज भी प्रासंगिक हैं और युवाओं को उनके विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए।

उनका जीवन सत्य, समानता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। अगर हम उनके मार्ग पर चलें, तो समाज में फैली अनेक कुरीतियों से मुक्ति पा सकते हैं। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे समाज में एकता, भाईचारा और आपसी सद्भावना को बढ़ावा दें और संत कबीर साहेब के विचारों को अपने जीवन में उतारें। विधायक रणधीर पनिहार ने कहा कि वर्षों से उपेक्षित रहे वंचित समाज के लोगों को उनका हक दिलाने के लिए हरियाणा सरकार ने ठोस कदम उठाए हैं। इसका परिणाम भी हम सबके सामने हैं। वंचित वर्ग के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है और उन्हें आगे बढ़ाने के अवसर मिल रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अनूप धानक, हिसार मेयर प्रवीण पोपली, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व चेयरमैन सतबीर सिंह वर्मा, पूर्व आईपीएस दलबीर भारती, जोगीराम खुंडिया, सीताराम लुगरिया, विजय कायत, स्वामी स्वदेश कबीर, रेणु डाबला, लक्ष्मण इंदोरिया, पिंकी शर्मा, सतीश सुरलिया सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भिवानी जोन का निरंकारी बाल संत समागम भव्यता के साथ सम्पन्न

## बाल संतों ने भक्ति के रंग बिखेरे, भक्ति-भाव से भरी प्रस्तुतियों से गूंजा प्रेक्षा विहार परिसर

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 29 जून।** सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं पूज्य निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन आशीर्वाद से संत निरंकारी मिशन द्वारा भिवानी जोन का जोन स्तरीय निरंकारी बाल संत समागम आज प्रेक्षा विहार, भिवानी में अत्यंत भावपूर्ण, अनुशासित एवं आध्यात्मिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संत निरंकारी मिशन के कर्मयोगी एवं विद्वान महात्मा श्री प्रदीप अरोड़ा जी (रोहिणी, दिल्ली) ने की।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सत्गुरु ज्ञान प्रदान कर अच्छे इंसान बनाता है। जीवन में कुछ भी बनो, डॉक्टर, इंजीनियर, कलाकार–सब मुबारक है, बस इंसान बनना जरूरी है। मानव जीवन प्रभु प्राप्ति का माध्यम है, और यह प्रभु हमें हर घट में दिखे–ऐसी दृष्टि सतगुरु प्रदान करते हैं। बच्चों को ह्यमैंह्न और ह्यमेरीह्न के अहंकार से दूर रहना चाहिए। सत्गुरु बाल मन में मानवीय मूल्यों के बीज बो रहे हैं, यही मूल्य जीवन को सार्थक बनाते हैं। सीखने की कोई आयु नहीं होती, बच्चे इस मंच के माध्यम से बहुत कुछ सीख रहे हैं, और हम सभी को उनसे भी सीखने की प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने संगत को सेवा, सुमिरन और सत्संग के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। जोनल इंचार्ज महात्मा श्री बलदेव राज नागपाल जी ने कहा कि यह समागम भावी पीढ़ी को आध्यात्मिक दिशा देने का एक पवित्र प्रयास है। बच्चों ने सहज एवं सरल भाषा में निरंकार की भक्ति को प्रस्तुत किया। यह आयोजन बाल संतों को मानवीय मूल्यों और सेवा, सिमरन सत्संग से जोड़ने का जीवंत माध्यम है। ये नन्हे कदम समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। सतगुरु की कृपा से यह आयोजन अत्यंत सफल रहा। उन्होंने मिशन मुख्यालय दिल्ली से पधारे महात्मा श्री प्रदीप अरोड़ा जी, समर्पित सेवादल, अभिभावकों, सभी शाखाओं की संगत, प्रशासन एवं मीडिया बंधुओं का हृदय से आभार प्रकट किया।



इस अवसर पर विशेष रूप से भिवानी के विधायक श्री घनश्याम दास सर्राफ, प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि बहन सुमित्रा जी एवं महंत श्री चरण दास जी महाराज (हनुमान जोहड़ी धाम) उपस्थित रहे।

**मुख्य झलकियां**
-बाल संतों द्वारा संपूर्ण अवतार वाणी और हरदेव वाणी का भावपूर्ण गायन
-गीत, कविता, समूह गान, एकल गायन द्वारा सेवा, एकता, विनम्रता और भक्ति का संदेश
-बाल कलाकारों ने अनुशासन, आत्मविश्वास और सृजनशीलता से मंच को जीवंत किया
-मंच संचालन तक बाल संतों द्वारा निपुणता से किया गया
-संगत ने श्रद्धा एवं भाव-विभोरता के साथ पूरे कार्यक्रम का आनन्द लिया।
- भजन एवं व्याख्यान में अध्यात्म व संस्कृति का सुंदर समावेश
-निरंकारी बाल प्रदर्शनी में एकत्व, प्रकृति, धार्मिक पुस्तकों का अध्ययन एवं सेवा के भाव बाल संतों द्वारा दर्शाए गए
इन प्रस्तुतियों में सेवा, समर्पण, एकत्व और भक्ति का आदर्श प्रतिबिम्ब था। बच्चों की भक्ति भावना ने वातावरण को संजीवनी प्रदान की।

### युवक गुगल पे करने के बहाने 5 हजार लेकर फरार

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 29 जून।** शहर के जगदेव सिंह चौक के निकट एक मोबाइल की दुकान के संचालक से एक शातिर युवक 5 हजार रुपए की नकदी लेकर गुगल पे करने के बहाने लेकर चंपत हो गया।

पुलिस को दी शिकायत एमसी कॉलोनी स्थित भारत सैनिक स्कूल निवासी रवि कुमार ने बताया कि उसकी जगदेव चौक के निकट फोन सिटी के नाम से दुकान है। उसने बताया कि बीती 27 जून की रात्रि को एक युवक दुकान पर आया और उससे 5 हजार रुपए नकद मांगे और गुगल पे करने की बात कही। उसने युवक को 5 हजार रुपए नकद दे दिए। युवक ने पेमेंट का एक स्क्रीन शॉट उसे दिखाया और नकदी लेकर चला गया। ग्राहकों से फ्री होने के बाद उसने पेमेंट चैक की तो राशि खाते में नहीं आई थी। उसने काफी देर तक इंतजार किया, लेकिन पैसे नहीं आए। उक्त युवक द्वारा दिए गए स्क्रीन शॉट के नंबर पर संपर्क किया तो वह बंद मिला, जिस पर उसने अपने साथ हुई ठगी का पता चला। उसने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### भक्ति किसी उम्र की मोहताज नहीं है : आशीष गौतम



**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 29 जून।** सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज व निरंकारी राजपिता की असीम अनुकंपा से बच्चों के भविष्य को आकार देने और उन्हें आध्यात्मिकता व नैतिकता से जोडने के उद्देश्य से रविवार को मंडी डबवाली के चौटाला रोड स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में जोन स्तरीय बाल समागम का सफल आयोजन किया गया। इस सत्संग कार्यक्रम की अध्यक्षता मेरठ से पधारे संत निरंकारी मिशन के प्रचारक आशीष गौतम ने की।

आशीष गौतम ने अपने विचारों में कहा कि जो बच्चे आज अपने माता-पिता की उंगली पकडकर सत्संग में जाते हैं और प्रभु की भक्ति में जुड़ जाते हैं, वो बड़े होकर जहां अपने जीवन में सुख प्राप्त करते हैं, वही अपने माता-पिता का बुढ़ापे का सहारा भी बनते हैं। जो बच्चे आज माता-पिता की उंगली पकड़ कर आते हैं वो कल अपने माता-पिता की उंगली पकड़ कर उनको सत्संग में लाया करेंगे। उन्होंने कहा कि सत्संग में आने से बच्चों का जहां आध्यात्मिक विकास होता है, वहीं वो नैतिक रूप से भी विकसित होते हैं। उन्होंने सभी बच्चों से कहा कि आज जो भी उन्होंने सीखा है, उसको जीवन जरूर धारण करें। वहीं संत निरंकारी मिशन के टोहाना जोन के जोनल इंचार्ज रमन नागपाल ने आए हुए प्रचारक महात्मा आशीष गौतम का स्वागत व अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में जोन नंबर 9 के अंतर्गत आने वाले सिरसाए जींद और फतेहाबाद जिलों की विभिन्न ब्रांचों से बड़ी सं या में बाल संतों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समागम में बच्चों ने आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों को समझने के साथ-साथ सत्संग के माध्यम से प्रेरणादायक विचारों को ग्रहण किया। समागम के समापन के पश्चात सभी के लिए लंगर की व्यवस्था की गई, जिसमें सभी ने एक साथ बैठकर लंगर प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने यहां पहुंचे सभी श्रद्धालुओं, धर्म प्रेमी सज्जनोंए बच्चों और उनके माता-पिता का अभिनंदन किया।

# शिक्षक डॉ. देविन्द्र बीबीपुरिया को आधारशिला साहित्यक संस्था ने किया सम्मानित

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 29 जून।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पंजाबी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. देविन्द्र बीबीपुरिया को उनके हिंदी और पंजाबी साहित्य में दिए गए विशेष योगदान के लिए युवा साहित्यकार के रूप में आधारशिला साहित्यक संस्था द्वारा चंडीगढ़ में पंजाब कला भवन में आयोजित साहित्यक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में उनको यह सम्मान हरियाणा संस्कृत एवं साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ चंद्र त्रिखा एवं चंडीगढ़ संगीत अकादमी के अध्यक्ष सुदेश शर्मा ने दिया। इस मौके पर आधारशिला साहित्यक संस्था की और से मंच संचालन कर रहे डॉ. अशोक नूर ने डॉ. देविन्द्र बीबीपुरिया के इस सम्मान का आधार उनकी प्रकाशित हो चुकी 7 बहुचर्चित पुस्तकों को बताते हुए उनकी साहित्यक रचना की प्रशंसा की और कहा कि उनको सम्मानित करते हुए आधारशिला साहित्यक संस्था और हम सब खुशी महसूस कर रहे हैं।



# प्रदेश भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल: दिग्विजय चौटाला

## बोले, हरियाणा में प्रतिदिन तीन हत्याओं की आ रही औसत। कहा, हरियाणा के वास्तविक विकास के विकल्प का नाम दुष्यंत चौटाला

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 29 जून।** जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि प्रदेश की वर्तमान भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है और यही कारण है कि आज प्रतिदिन हरियाणा में प्रतिदिन तीन मर्डर की घटनाएं सामने आ रही हैं। इस दिशाहीन सरकार के समय में प्रदेश का हर वाशिंदा खौफ के साए में जीने को विवश है।
वे रविवार को युवा जोड़ो अभियान के तहत सिरसा, ऐलनाबाद व रानियां हलके में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने अपने अभियान की शुरूआत सिरसा शहर में जेजेपी के कर्मठ कार्यकर्ता लक्की चौधरी द्वारा आयोजित कार्यक्रम से की। इसके बाद वे अलीमोहम्मद, नहराणा, रामपुरा ढिल्लों, मल्लेकां, ऐलनाबाद, गांव बणी, बालासर व सुल्तानपुरिया में भी पहुंचे और काफी संख्या में युवाओं को जेजेपी से जोड़ा। इस दौरान युवा जेजेपी के प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने वर्तमान भाजपा सरकार की बेकायदगियों पर कहा कि आज सरकार ने पहले से महंगाई के बोझ तले जीवन गुजार रही जनता पर बिजली के रेट बढ़ाकर उनकी कमर पूरी तरह से तोड़ दी है। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार ने बिजली के बढ़े हुए रेट वापिस नहीं लिए तो जेजेपी प्रदेश में एक बड़ा आंदोलन करेगी। बिजली के बेतहाशा रेट बढ़ाकर सरकार ने आम आदमी से लेकर व्यापारी तक की जेब पर डाका डाला है। प्रदेश में स्थिति की गंभीरता का आंकलन इसी बात से किया जा सकता है कि बदमाश बेखौफ होकर हत्या, लूटपाट, डाकाजनी जैसी घटनाओं को



सार्वजनिक रूप से अंजाम दे रहे हैं और पुलिस प्रशासन पूरी तरह से पंगु साबित हो रहा है। सरकार की विफलता का इससे बड़ा प्रमाण क्या होगा कि सरकार 6 साल में सीईटी कंडक्ट नहीं करवा पाई। अब तिथि निकाली है तो पहले फर्जी पोर्टल सामने आ गया और असली पोर्टल पर आवेदन जमा ही नहीं हो पाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश को सही मायने में विकसित डगर पर ले जाने के लिए प्रदेशवासी पुनः पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला को अपना विकल्प मान रहे हैं। मतदाताओं को समझ आ गया है कि लंबे समय तक प्रदेश की कोई सेवा कर सकता है तो वे केवल दुष्यंत चौटाला ही हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने ही 75 प्रतिशत हरियाणा के युवाओं के लिए आरक्षण की आवाज उठाने का काम किया, हालांकि यह मामला अभी न्यायालय में विचाराधीन है। अगर यह आरक्षण लागू हो जाता है तो आने वाली युवा पीढ़ी दुष्यंत को याद करेंगे।
महिलाओं को पंचायत में आरक्षण दिलाने का काम भी दुष्यंत चौटाला ने ही किया था। जेजेपी नेता ने कहा कि हम पार्टी की नींव को मजबूत करने के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं। जो कार्यकर्ता रूठ गए थे, वे वापिस लौट रहे हैं और आए दिन नई ज्वाईनिंग हो रही है। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि हरियाणा में एक बार फिर जेजेपी संगठन को मजबूती से खड़ा किया जा रहा है और इस कड़ी में अधिक से अधिक कार्यकताओं को जोड़ा जा रहा है, खासकर युवाओं को इसमें अधिमान दिया जा रहा है। इस अवसर पर जेजेपी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव राधेश्याम शर्मा, राजेंद्र लितानी, धर्मपाल वर्मा, हरिसिंह भारी, जिला प्रेस प्रवक्ता अमर सिंह ज्याणी, हल्काध्यक्ष अजब ओला, पवन शेरपुरा, पूर्व हलका प्रधान सुधीर कूकना, फतेहाबाद से जतिन खिलेरी, रणदीप सिंह मट्टदादू, लक्की चौधरी, मुकेश चोयल, जेनाराम, हरिसिंह थकान, विनोद बिजारणिया, कादर खान, यूसुफ खान, बलकरण भंगू, अमन गिल, हनुमान शर्मा, सरपंच राजेश सहारण, शांतनु बिश्नोई, मंगतराम बिजारणियां, विनोद बिजारणियां, राजेंद्र कसवां एडवोकेट, हरबेल सिंह खाजाखेड़ा, संदीप भाटी, अंजनी लढ्ढा, गौरीशंकर लढ्ढा, अमन मट्टदादू, गौरीशंकर बूमरा, दीपक भाटिया, कुलदीप थिराज, कुलदीप जांगु, अजय सिहाग सहित जेजेपी के अनेक कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

## घर से नकदी व आभूषण चोरी

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 29 जून।** चोपटा थाना क्षेत्र के गांव नहराणा में चोरों ने एक मकान में घुसकर 3 लाख रुपए की नकदी व आभूषण चोरी कर लिए।
पुलिस को दी शिकायत में मकान मालिक रवि ने बताया कि बीती 28 जून को वह और उसकी माता गांव के किसी अन्य व्यक्ति के पास किसी काम से चले गए। उसका भाई गांव के सीएससी सेंटर पर चला गया। उसके पिता घर की बैठक में सो रहे थे। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने घर में घुसकर अलमारी से 3 लाख रुपए की नकदी, एक जोड़ी सोने के टोपस, एक सोने का लोकेट, एक चांदी का कड़ा, एक जोड़ी चांदी की पाजेब व दूसरे कमरे की अलमारी में से एक विवो कंपनी का मोबाइल चोरी कर लिया। जब कुछ देर बाद वे घर आए तो घटना का पता चला। अंदर जाकर देखा तो कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। सामान संभाला तो उपरोक्त नकदी व आभूषण गायब थे। उन्होंने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बंद पड़े मकान से नकदी व आभूषण चोरी

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 29 जून।** ऐलनाबाद थाना क्षेत्र के गांव मिठीसुरेरां में चोर एक बंद मकान से 5 हजार रुपए की नकदी सहित आभूषण चोरी कर ले गए।
पुलिस को दिए बयानों में मांगेराम ने बताया कि उसका परिवार मजदूरी करता है। बीती 27 जून की सुबह परिवार के लोग घर के कमरों व मेन गेट को ताला लगाकर मजदूरी के लिए चले गए। बाद दोपहर चोरों ने घर में घुसकर अलमारी के ताले तोडकर 5 हजार रुपए की नकदी, 10 तोले चांदी की पाजेब, 3 चांदी के कड़े, एक नोजपिन सोने की व एक सोने का नाक में डालने वाला कोका तथा एक गले में डालने वाला चांदी का ओम, चांदी की 2 जोड़ी बिछिया चुरा लिए। शाम को जब वे घर आए तो घटना का पता चला। अंदर जाकर देखा तो कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। सामान संभाला तो उपरोक्त सामान गायब था। उन्होंने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा, जिसपर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 29 जून।** गांव भावदीन से एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई।
पुलिस को दी शिकायत में युवती के परिजनों ने बताया कि बीती 27 जून की शाम को उनकी बेटी किसी काम से बाहर गई थी, लेकिन उसके बाद से वापस नहीं लौटी। उन्होंने अपने स्तर पर आसपास के लोगों व रिश्तेदारी में काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## भीम टीम बनी समर कैंप क्रिकेट अंडर इलेवन प्रतियोगिता की चैंपियन



**हरियाणावाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 29 जून।** नरकातारी रोड़ पर कुरुक्षेत्र क्रिकेट एकेडमी के खेल मैदान में समर कैंप अंडर इलेवन क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में भीम टीम ने अर्जुन टीम को हराकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। फाइनल में पहले बल्लेबाजी करने उतरी भीम टीम 133 रन बनाकर आलआउट हो गई, जिसमें देवानंद ने 41 व दीक्षांत ने 33 रनों की अहम पारी खेली। वहीं बल्लेबाजी करने उतरी अर्जुन टीम 19वें ओवर में मात्र 47 रन पर ढेर हो गई। मैच में देवांश सांगवान ने शानदार गेंदबाजी करते हुए मात्र 9 रन देकर 8 विकेट झटके तथा मैन आफ द मैच का खिताब भी जीता। प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में पहुंचे बतौर मुख्यातिथि पहुंचे वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी रशपाल सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के पीछे एकेडमी के कोच तरूण शर्मा का अहम योगदान है। उन्होंने सभी युवा खिलाड़ियों से अपने गुरू का सम्मान करने तथा खेल को खेल की भावना से खेलने का आह्वान किया। वहीं एकेडमी के कोच तरूण शर्मा ने कहा कि एक टीम का बल्लेबाजी, गेंदबाजी सहित क्षेत्र रक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन ही उसे विजयी बनाता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से अपनी फिटनेस लेवल को उच्च स्तर पर ले जाने की बात कही ताकि वे भविष्य में आगे चलकर अपने प्रदेश एवं देश का नाम इस खेल क्षेत्र में रोशन कर सकें।
**शानदार गेंदबाजी के लिए इन खिलाड़ियों को मिला पुरस्कार**
प्रतियोगिता में शानदार गेंदबाजी के लिए द्वितीय सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार के लिए नौ खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया जिसमें यश, अश्विन, तेजस मेहता, लविश, पेविन, रूद्रा, रियांश, सक्षम रंगा तथा देवांश सांगवान शामिल रहे। कोच तरूण शर्मा ने बताया कि जल्द ही प्रथम सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

## गांव सुनहेड़ी खालसा में प्रशासन कि रात्रि ठहराव आज: नेहा सिंह

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 29 जून।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार प्रशासन द्वारा जिले में रात्रि ठहराव किया जाएगा। इस रात्रि ठहराव में प्रशासन के अधिकारियों द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि रात्रि ठहराव 30 जून को सायं 4 बजे से थानेसर खंड के गांव सुनेहडी खालसा के कम्युनिटी सेंटर में किया जाएगा। अहम पहलू यह है कि इस रात्रि ठहराव में 46 से ज्यादा विभागों द्वारा लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

# दो सप्ताह में 730 बच्चे मिले डायरिया से ग्रस्त

## - विभाग सर्वे कर स्वच्छता बारे कर रहा जागरूक- सर्वे में 730 बच्चों में डायरिया के लक्षण मिल

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 29 जून।** जिला में पिछले दो सप्ताह के दौरान डायरिया ग्रसित बच्चों की पहचान कर उन्हें उपचार दिलाने के लिए स्वास्थ्य विभाग का स्टाप डायरिया कैंपेन चलाया जा रहा है। मानसून सीजन में आमतौर पर बच्चों की इम्युनिटी कमजोर होने के कारण उल्टी-दस्त तथा डायरिया के केस बढ? लगते हैं। ऐसे में बच्चों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता रहती है। पूरे जिला में इन दो सप्ताह के दौरान स्वास्थ्य कार्यकताओं के सर्वे में 730 बच्चों में डायरिया के लक्षण मिल चुके हैं। डायरिया के लक्षणों से संक्रमित पाए जा रहे चिह्नित बच्चों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से उपचार दिलवाने के साथ ही जिंक व ओआरएस के घोल भी स्वास्थ्य कार्यकताओं द्वारा घर-घर पहुंचाए जा रहे हैं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. रणजीत कंबोज ने बताया कि सभी माता-पिता को शून्य से पांच साल तक के अपने बच्चों में डायरिया के प्रति सचेत रहना चाहिए।
इसकी रोकथाम के लिए विभाग की ओर से जिंक व ओआरएस कार्नर का निर्माण भी प्रत्येक राजकीय स्वास्थ्य संस्थान में किया गया है। स्वजन संस्थान में पहुंचकर निःशुल्क जिंक की गोलियां व ओआरएस का घोल प्राप्त कर सकते हैं।
**- 31 जुलाई तक विभाग रखेगा विशेष निगरानी, स्पेशल इम्युनाइजेशन वीक भी जारी:**
सीनियर फामेर्सी आफिसर योगेश खन्ना ने बताया कि विभाग ने 16 जून से जिलाभर में स्टाप डायरिया कैंपेन की शुरूआत की है। यह अभियान 31 जुलाई तक जारी रहेगा। इसके तहत जिला शून्य से पांच साल तक के 95 हजार 108 बच्चों को कवर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक जिला में कार्यरत 1014 आशा व एएनएम कार्यकताओं ने घर-घर संपर्क कर 2788 बच्चों को जिंक तथा 8376 बच्चों को ओआरएस के पैकेट उपलब्ध करवाए जा चुके हैं। इन स्वास्थ्य कार्यकताओं की ओर से स्वजन तथा बच्चों को साफ-सफाई का विशेष रूप से ध्यान रखने तथा खाना बनाने-खाने, शौचालय जाने के बाद अच्छी तरह हाथ धोने, पीने का पानी साफ उपयोग में लाने की सलाह दी जा रही है। उन्होंने बताया कि बच्चों को होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए स्पेशल इम्युनाइजेशन वीक 28 जून तक चल रहा है। जिसमें एमआर वन से लेकर टिटनेस-डिप्थीरिया जैसे 11 प्रकार के रोगों की रोकथाम के लिए छूटे बच्चों को टीकाकरण के लिए सेशन आयोजित किए गए है। अब तक 86 सेशन के दौरान जिला में 76 प्रतिशत बच्चों को कवर किया जा चुका है।

## डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने किया 176वीं बार रक्तदान



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 29 जून।** रक्त के अभाव में रक्त की आपूर्ति हेतु राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र में 547वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया, जिसमें 9 लोगों ने रक्तदान किया। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने स्वयं 176वीं बार रक्तदान किया। रक्त कोष कर्मी करनैल सिंह की उपस्थिति में रक्तदान करते हुए डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने युवाओं को बताया कि हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा नशे के विरुद्ध अभियान चलाया हुआ है। उन्होंने कहा युवा नशे से दूर रहें और रक्तदान की सुई लगवा कर लोगों का जीवन बचाने का महत्वपूर्ण कार्य करें क्योंकि नशा हरता है प्राण और रक्त बचाता है जान। उन्होंने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि रक्तदान एक सुरक्षित और स्वयं के लाभ के लिए भी है और इससे शरीर पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ते और 176 बार रक्तदान के अतिरिक्त 85 बार प्लेटलेट्स भी दान कर चुके हैं।

# पांच दिनों में मंगाला डायरेक्ट माइनर से उखाड़ी 47 अवैध पाइपें- टेल पर कार्रवाई जारी

## - 28 किलोमीटर लंबाई में दिए गए है स्थाई 14 मोगे

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 29 जून।** ओटू हेड से निकलने वाली मंगाला डायरेक्ट माइनर से अवैध पाइपें हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। पांच दिनों में विभाग की ओर से 47 अवैध पाइपों को हटाया जा चुका है। हालांकि अभी टेल पर स्थित जमाल और कुतियाना गांव के रकबे में विभाग पाइपें हटाने में जुटा है। रविवार शाम तक विभाग माइनर पर दबी सभी अवैध पाइपों को हटा देगा।
सिंचाई विभाग के एसडीओ रघुवीर सिहं की देखरेख में मंगाला डायरेक्ट माइनर पर स्थित गांव जमाल क्षेत्र में कार्रवाई की गई। ओटू हेड से कुतियाणा तक 28 किलोमीटर लंबाई में मंगाला डायरेक्ट माइनर से अब तक 47 अवैध पाइपों को विभाग हटा चुका है। पाइपों को न हटाने को लेकर अब टेल पर स्थित गांवों के किसान भी अधिकारियों से अपील करने के लिए पहुंच रहे हैं। बता दें कि ओटू हेड से निकलने वाली मंगाला डायरेक्ट माइनर में फल्डी सीजन में ही पानी पहुंचता है।
इसके साथ ढाणी काहन सिंह, मंगाला, माधोसिंघाना, बरूवाली द्वितीय, जमाल और कुतियाणा का रकबा लगता है। किसान पाइपों की सहायता से ही सीजन के दौरान खेतों की सिंचाई कर पाते थे।
टेल पर स्थित गांवों के किसानों ने पानी न पहुंचने को लेकर प्रशासन को शिकायत दी और अवैध पाइपें हटाने की अपील की थी। विभाग ने बीते सोमवार से अवैध पाइपों को हटाने की कार्रवाई शुरू की हुई है।
**डीजल पंप की सहायता से किसान उठा सकेंगे पानी:**
सिंचाई विभाग ने 28 किलोमीटर लंबी मंगाला डायरेक्ट माइनर पर 14 स्थाई मोगे दिए हुए है। मोगे कम होने के कारण कई किसानों ने लाखों की राशि खर्च करने के बाद पाइप लाइन डाल रखी है और कई किलोमीटर लंबी पाइप डालने के बाद खेतों की इससे सिंचाई करते हैं। तटबंध से पाइप हटाने के बाद किसान डीजल पंप की सहायता से पानी उठा सकेंगे और खेतों की सिंचाई कर पाएंगे। पाइप हटाने के कारण किसानों की परेशानी भी बढ़ी है और अब किसानों नया पंप सेट या ट्रैक्टर पंप की सहायता से पानी निकालना पड़ेगा। जिससे उन्हें डीजल की खपत करनी होगी और आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा।
सिंचाई विभाग के जेई गुरविंद्र सिंह ने बताया कि टेल पर पानी पहुंचाने के लिए अवैध पाइपों को हटाने की कार्रवाई चल रही है। अब तक 47 अवैध पाइपों को हटाया जा चुका है। जल्द ही कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी। पुलिस बल भी कार्रवाई के दौरान मौके पर उपस्थित है।

# कालांवाली नप चुनाव के लिए हुई वोटिंग, सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच मतदाताओं ने किया मतदान

## प्रधान के लिए 10 उम्मीदवार मैदान में, 2 पार्षद निर्विरोध निर्वाचित

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 29 जून।** कालांवाली नगरपालिका चुनाव के लिए रविवार को वोटिंग हुई। कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच मतदाताओं ने मतदान किया।
इससे पूर्व रविवार सुबह साढ़े 7 बजे मॉक पोल हुआ। इसके बाद 8 बजे वोटिंग शुरू हुई जो रविवार शाम 6 बजे तक चली। इसके लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। विभिन्न पार्टी कार्यकताओं और एजेंटों ने वोटों से शुरूआत की। सुबह से ही मतदाता वोट डालने के लिए पहुंचे। कालांवाली में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्वक तरीके से चली। लोगों में भी मतदान के प्रति रूझान देखा गया।
उल्लेखनीय है कि इस चुनाव में नप प्रधान पद के लिए कुल 10 उम्मीदवार मैदान में हैं और 16 वार्डों के लिए पार्षद उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें से 2 पार्षद निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। इस चुनाव में शहर के 16 हजार 161 मतदाता वोट करेंगे। इस चुनाव में मुख्य रूप से भाजपा और आम आदमी पार्टी अपने अपने चुनाव चिह्न पर मैदान में हैं, जबकि कांग्रेस और इनेलो के समर्थित प्रत्याशी मैदान में हैं। वहीं, भाजपा से बागी होकर भी कुछ उम्मीदवार निर्दलीय रूप से चुनाव लड़ रहे हैं। चुनावी प्रक्रिया के दौरान देखा गया कि स्थानीय नेता और कार्यकर्ता बूथों के बाहर पार्टी कैंप व वार्डों के दौरे में जुटे रहे।
**चुनाव के लिए बनाए कुल 17 मतदान केंद्र:**
जिला प्रशासन की ओर से नगरपालिका के इन चुनावों में 16 वार्डों के लिए कुल 17 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। साथ ही 17 पोलिंग पार्टियां नियुक्त की गई हैं, जबकि 3 पार्टियों को रिजर्व में रखा गया है।
कुल 80 चुनाव कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है और मतदान के लिए 31 ईवीएम मशीनों का उपयोग किया गया। प्रशासन की ओर से अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत को चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। वहीं, दो ड्यूटी मजिस्ट्रेट मतदान केंद्रों पर निगरानी रख रहे हैं। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से निपटने के लिए कंट्रोल रूम भी बनाया गया है।
काबिलेजिक्र है कि कालांवाली नगरपालिका क्षेत्र में कुल 16 हजार 161 मतदाता हैं। जिनमें 8 हजार 550 पुरुष और 7 हजार 611 महिलाएं शामिल हैं। प्रशासन ने मतदाताओं से लोकतंत्र को मजबूत करने की अपील की है। भाजपा से सुनील कुमार उर्फ टीशू प्रधान, आम आदमी पार्टी ने अजीव कुमार को चुनावी मैदान में उतारा है, जबकि महेश गोयल कांग्रेस समर्थित व अजीव कुमार इनेलो के समर्थन से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं चरणदास चन्नी, सुभाष गोयल, फूल सिंह लुहानी, सुनील अहलावत, चरणजीत सिंह सोढ़ी, मुकेश राजोरिया निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, वार्ड पार्षद पदों के लिए 41 प्रत्याशी मैदान में हैं। वार्ड नंबर 12 और 15 में प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

# उखड़ा उखड़ा शहर, मायूस, मजबूर लोग, बरसाती पानी की निकासी को लेकर खोदी सडकें, गलियां सामान्य तरीके से गुजरना भी हुआ मुहाल









**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 29 जून।** कुछ सालों पहले तक सिरसावासियों की आंखों में शहर को पेरिस बनाने के ख्वाब जगाने वाले राजनेताओं की राजनीति को तो बेशक पंख लग गए हों मगर विकास के नाम पर शहरवासियों को केवल रामभरोसे ही छोड़ दिया गया है। आलम ये है कि सिरसा शहर की स्थापना के बाद से अब तक कभी भी किसी भी शासन अथवा प्रशासनिक तंत्र की हिम्मत नहीं हुई कि शहर के वास्तविक विकास के लिए कोई बड़ा कदम उठाया जाए। उफनते सीवरेज सिस्टम, शहरवासियों को अशुद्ध पेयजल की आपूर्ति, जर्जर सडकें, शहर में मौजूद पार्कों की बदहाली, नशे के आंचल में ढकता शहर, अव्यवस्थित यातायात, बरसाती पानी की निकासी के लिए खोदा गया पूरा शहर तथा केवल और केवल मायूस व मजबूर लोग सिरसा शहर का चेहरा बनकर रह गया है। अहम बात यह है कि प्रत्येक शासन में सिरसा जिले के विकास के लिए लंबे चौड़े दावे अवश्य किए जाते हैं मगर उन दावों को केवल कागजों व राजनेताओं के लबों तक ही सीमित कर दिया जाता है और पीछे रह जाते हैं आमजन की आंखों में वे ख्वाब जो कभी धरातल पर उतारे ही नहीं गए या यूं कहा जाए कि उन्हें धरातली रूप देने के प्रयास कभी किए ही नहीं गए।
**अधिकार मांगें नहीं छीने जाया करते हैं:**
शहर में उत्तरोत्तर विकास की दिशा में कदमताल करते हुए यदि किसी दिवंगत राजनेता के उस बयान को यहां उल्लेखित किया जाए तो गलत नहीं होगा कि अधिकार मांगें नहीं छीने जाया करते हैं। ऐसा ही एहसास इस बात से लगाया जा सकता है कि शहर में समाज के विभिन्न वर्गों ने आपसी एकता के प्रयासों से ही शासन से कुछ पाया है। इसमें शिक्षा के चेहरे के रूप में चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय प्रमुखता से शामिल है, जो पत्रकार समाज के विचारों का बीजारोपण है। सिरसा शहर में बन रहे मेडिकल कॉलेज के पीछे भी शहर के मूर्धन्य लोगों की ताकत ही है जो पहले कभी केलनियां तो कभी वेदवाला गांवों में बनाने के प्रस्तावों का हिस्सा था। वर्ष 2009 से 2014 के बीच सिरसा शहर के विकास के लिए रेल परियोजनाओं को बजट में पारित करवाया गया था मगर वे अगले ही बजट में पूरी तरह से हाशिए पर रख दिए गए जो आज भी केवल और केवल आशाओं के झूले ले रहे हैं।
**80 फीसदी हो चुकी है सडकों व गलियों की खुदाई:**
शहर में पानी की निकासी के लिए जिस बड़ी परियोजनाओं का जिक्र कर सडकों और गलियों को उखाड़ा गया है, उसके कारण आज स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि हल्की की बरसात आने पर ये उखड़ी सडकें व गलियां सीधे तौर पर मौत को आमंत्रित करती हैं। वाहन चालक ही नहीं बल्कि पैदल चलने वालों के लिए ये स्थितियां जानलेवा साबित हो रही हैं। फिलहाल इतना अवश्य कहा जा सकता है कि जर्जर सडकों व गड्ढों से अटा शहर, अव्यवस्थाओं, मुश्किलों से घिरे लोग आखिर कब वास्तविक विकास की तस्वीर देख पाएंगे, कहा नहीं जा सकता मगर ये अवश्य कहा जा सकता है कि जनभावनाओं की नित्य गिरती आस पर राजनेताओं के नित्य नए महल अवश्य तामीर हो रहे हैं।

# फिट इंडिया मूवमेंट के तहत साइकिल रैली में 35 से ज्यादा प्रतिभागियों ने लिया भाग

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 29 जून।** जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति के सदस्य विनोद गर्ग ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को साइकिलिंग को अपने जीवन की दिनचर्या में शामिल करना होगा। जो व्यक्ति रोजाना साइकिलिंग करेगा, वह हमेशा स्वस्थ रहेगा, क्योंकि देश की तरक्की के लिए हर व्यक्ति का स्वस्थ होना जरूरी है। जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति के सदस्य विनोद गर्ग कुरुक्षेत्र में भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा फिट इंडिया साइकिल रैली के दौरान बोल रहे थे। भारतीय खेल प्रशिक्षण के सहायक निदेशक बाबूराम रावल, जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार, पूर्व जिला खेल अधिकारी यशवीर सिंह, पूर्व हॉकी चीफ कोच गुरविंदर सिंह द्वारा साइकिल रैली को हरी झंडी देकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से फिट इंडिया मूवमेंट के तहत साइकिल रैली में 35 से ज्यादा प्रतिभागियों ने इसमें भाग लिया है। यह साइकिल रैली द्रोणाचार्य चौक, शहीद उधम सिंह, सर्किट हाउस से जिंदल चौक से और वापस साईं कुरुक्षेत्र पर पहुंची। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच को अमलीजामा पहनाने के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से फिट इंडिया मूवमेंट के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। देश का प्रत्येक नागरिक अपने स्वास्थ्य की चिंता करते हुए साइकिलिंग या अन्य खेलों की तरफ आगे बढ़ेगा तो निश्चित देश के नागरिक स्वस्थ होंगे और स्वस्थ होकर देश की तरक्की में अपना योगदान दे सकेगा। भारतीय खेल प्रशिक्षण के सहायक निदेशक बाबू राम रावल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से की युवा पीढ़ी को नशे जैसी बुराइयों से दूर ले जाने के लिए खेलों की तरफ आकर्षित करने का प्रयास किया जा रहा है। जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि साई की तरफ से फिट इंडिया अभियान के तहत यह साइकिल रैली निकाली गई है। कार्यक्रम को सफल बनाने में हॉकी कोच नरेंद्र ठाकुर, हॉकी कोच सोहन लाल, वॉलीबॉल कोच राहुल सांगवान, हॉकी कोच साहिल, साइकिलिंग कोच कोमल शर्मा, जिम्नास्टिक कोच पूनम शर्मा, एथलेटिक्स कोच चांद राम, स्केटिंग कोच अरुण चौहान, समाजसेवी विनोद गर्ग, नरेश कुमार मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### दुख से मुक्ति पाना चाहते हैं तो हमें सुख का भी त्याग करना होगा



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 29 जून।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा अमीन रोड 7सी में भव्य आध्यात्मिक सत्संग समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्य स्वामी गुरुदेवा नंद ने भक्ति मार्ग में आगे बढ़ने के लिए कुछ गहन सूत्र प्रदान करते हुए कहा कि जब एक आत्मा मानव तन धारण करके पूर्व जन्मों के पुण्य संस्कारों के कारण भक्ति मार्ग का अनुसरण करती है तो वह धीरे धीरे अपने मन के विकारों और कर्म संस्कारों से मुक्ति प्राप्त कर लेती है। आगे स्वामी जी ने विस्तारपूर्वक समझाते हुए कहा कि प्रारब्ध वश सुख दुख, हानि लाभ, मान अपमान इत्यादी भाव जीवन में आकर एक साधक को विचलित करते रहते हैं। इनसे मुक्ति पाने का सरल एवं सटीक उपाय है कि यदि दुख से मुक्ति पाना चाहते हैं तो हमें सुख का भी त्याग करना होगा, मान सम्मान की इच्छा का त्याग किए बिना अपमान का भाव नहीं मिटेगा, लाभ की आकांक्षा त्याग कर ही हानि के भय से मुक्ति पाई जा सकती है। साध्वी ने समझाया कि ऐसी उच्च अवस्था हम तभी प्राप्त कर सकते हैं जब एक ब्रह्मनिष्ठ गुरू के सानिध्य में जाकर ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति करके अपने अंतःकरण में ही ब्रह्मानंद का अनुभव करते हैं।

### 'मन की बात' से प्रत्येक देशवासी का आत्म बल हुआ है मजबूत : नवीन जिन्दल



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 29 जून।** सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम से देशवासियों का आत्म बल मजबूत हुआ है। शायद पूरी दुनिया में कोई ऐसा नेता होगा, जो अपने प्रत्येक देशवासी से इस प्रकार सीधा संवाद करता हो। आज सांसद नवीन जिन्दल, कुरूक्षेत्र की न्यू कॉलोनी के बूथ नंबर 78 पर कार्यकताओं के साथ मन की बात के 123वें संस्करण को सुन रहे थे। सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम जनभावनाओं का प्रतिबिंब बन चुका है। प्रधानमंत्री मोदी देश के कोने-कोने की प्रेरणादायक संघर्ष की गाथाओं को सामने लाकर अपने देशवासियों को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के प्रति प्रेरित करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि आज के एपिसोड में प्रधानमंत्री ने डॉक्टर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, पर्यावरण संरक्षण, युवा, नवाचार, ग्रामीण विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों को उठाया, जिससे देश को नई दिशा और ऊर्जा मिलती है। सांसद नवीन जिन्दल ने कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा व्यक्त विचारों को अपने जीवन में अपनाएं और देश को विकास की दिशा में ले जाने में योगदान दें। तभी 2047 तक विकसित भारत का स्वप्न साकार हो सकता है।

### नारियल फोड़ नेता के खिलाफ धरना 13वें दिन रहा जारी, थोथी जांच कर अधिकारियों को बचा रहा प्रशासन: सैनी

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**



**सिरसा, 29 जून।** शिवपुरी के गेट पर पूर्व नगरपार्षद सुशील सैनी का धरना रविवार को 13वें दिन में पहुंच गया। अभी तक सही ढंग से जांच न करवाए जाने को लेकर पूर्व पार्षद ने प्रशासन को घेरते हुए कहा कि प्रशासन थोथी जांच करवाकर नगरपरिषद के भ्रष्ट अधिकारियों को बचाने का प्रयास कर रहा है लेकिन वे इसे कामयाब नहीं होने देंगे।

पूर्व पार्षद सैनी ने कहा कि तमाम नियमों को ताक पर रखकर नगर परिषद के अधिकारियों ने सरकारी धन की जो बंदरबांट की है और जनता के खून पसीने की गाढ़ी कमाई को दोनों हाथों से लूटा है, उसके एक एक पैसे का हिसाब देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय भाजपा नेता द्वारा नगरपरिषद में तत्कालीन चेयरपर्सन पर दबाव बनाकर करोड़ों रुपए का हेरफेर किया गया। पूर्व पार्षद सुशील सैनी ने कहा कि प्रशासन ने डीएमसी की जांच के लिए छोटे अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है ताकि जनता को गुमराह किया जा सके लेकिन जिस तरह से खेला किया गया, उससे सिरसा की तमाम जनता वाकिफ है। पूर्व पार्षद सुशील सैनी ने कहा कि नगरपरिषद में पिछले 5 साल में 200 करोड़ से अधिक का गबन हुआ है। उन्होंने कहा कि अगर जिला प्रशासन ने पूरे भ्रष्टाचार की एसआईटी गठित करके उचित जांच न करवाई तो प्रशासन का नगरपरिषद के गेट पर पुतला फूंका जाएगा और शवयात्रा निकाली जाएगी। आंदोलन को लगातार जारी रखा जाएगा और मामला हाईकोर्ट के संज्ञान में लाया जाएगा ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। रविवार को धरने पर सुशील सैनी को समर्थन देने जुगनू नंबरदार, डॉ. अंबेडकर वैल्फेयर सोसायटी के जिला प्रधान सदानंद टांक, राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा समिति सदस्य गुरलाल सेखों, अमरीक सिंह मीका, कपिल अरोड़ा जिला प्रधान हिंदू एकता निर्माण संघ, सुल्तान सैनी, भगवान दास, ईश्वर सहित अनेक लोग बैठे।

# एक बार फिर शाहाबाद डूबा पानी में, जनजीवन अस्त-व्यस्त

## 11 घंटे रुक-रुक कर होती रही मूसलधार बारिश । हर गली-मोहल्ला बना तालाब सरकारी तैयारियों की खुली पोल







**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**शाहाबाद मारकंडा, 29 जून।** शनिवार रात करीब 10 बजे शुरू हुई बारिश ने शाहाबाद में जमकर कहर बरपाया। करीब 11 घंटे तक रुक-रुक कर जारी बारिश ने नगरपालिका और पब्लिक हेल्थ विभाग की व्यवस्था को पूरी तरह से झकझोर कर रख दिया। मानसून से पहले प्रशाशनिक तैयारियों की हकीकत बारिश ने उजागर कर दी। शहर की अधिकतर गलियां, मोहल्ले और मुख्य सड़कें जलमग्न हो गईं। बारिश रुकने के 10 घंटे बाद भी शहर की ऐसी कोई गली नहीं बची जहां पानी जमा न हो। जल निकासी व्यवस्था की खस्ता हालत ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि नगर पालिका और संबंधित विभाग केवल कागजों पर तैयारियां करते हैं।

हालांकि, इस बार नेशनल हाईवे विभाग की ओर से किए गए उपाय रंग लाए। हर वर्ष लाडवा रोड चौक पर जहां भारी जलभराव रहता था, वहां इस बार बनाए गए ड्रेनेज सिस्टम ने राहत दी। लेकिन यही सुविधा अन्य शहरवासियों को नसीब नहीं हुई। अन्य जगहों पर ड्रेनेज सिस्टम की घोर कमी ने जनता को परेशानी में डाल दिया।

**पॉश इलाकों तक पहुंचा पानी, दुकानों में भरा कीचड़ :** सुभाष नगर, सरकारी अस्पताल रोड, माजरी मोहल्ला, बैंक बाजार, प्रताप मंडी, आर्य कन्या महाविद्यालय रोड, पुरानी सब्जी मंडी, रेलवे रोड, स्टेशन माजरी, हुड्डा कॉलोनी, गोपी विहार, किला सिखा रोड और देव मंदिर रोड जैसे प्रमुख इलाकों में पानी का ऐसा आलम रहा कि सड़कों और नालों में फर्क कर पाना मुश्किल हो गया। मोहल्ला सत्य नगर, आर्य कन्या महाविद्यालय रोड और विजय कॉलोनी में हालात सबसे खराब रहे, जहां घरों में पानी घुसने से लोगों को दिनभर अपने सामान की सुरक्षा करनी पड़ी।

वहीं, मुख्य बाजार की कई दुकानों में बारिश का पानी भर जाने से व्यापारियों को लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। नगर पालिका द्वारा समय रहते नालों की सफाई और अधूरे प्रोजेक्ट्स को पूरा न करने की लापरवाही का नतीजा आज शहर भुगत रहा है। शहर के हालात देखकर साफ है कि जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त किए बिना हर बारिश शाहाबाद के लिए आफत बनती रहेगी।

# शिक्षक स्वयं को समय के अनुसार तैयार करें : डॉ.अशोक शर्मा

## नौ दिवसीय महर्षि कॉन्सियस वेस्ड एजुकेशन और उन हाऊस ट्रेनिंग कार्यक्रम संपन्न



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 29 जून।** विकास भारत के सपने को साकार करने के शिक्षकों को समय के अनुसार अपने आप को अपडेट करने की जरुरत है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सही ढंग से लागू करने का जिम्मेदारी शिक्षकों पर है। इसलिए आने वाला समय चुनौतियों से भरा है। शिक्षक इसके लिए तैयार हो जाए। यह विचार केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा के जन संचार विभाग के अध्यक्ष डॉ अशोक शर्मा ने रविवार को महर्षि विद्या मन्दिर स्कूल सांवला कुरुक्षेत्र में संपन्न हुए नौ दिवसीय महर्षि कॉन्सियस वेस्ड एजुकेशन और उन हाऊस ट्रेनिंग कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। स्कूल परिसर में पहुंचने पर स्कूल प्रधानाचार्या महिन्द्र कौर, एम.सी.बी ई की कोर्डिनेटर डॉ वीणा बहुगुणा व शिक्षको ने उनका स्वागत किया। डॉ अशोक शर्मा ने कहा देश पहली बार शिक्षा नीति पर इतने बड़े स्तर पर चर्चा हुए हैं। स्कूल, कॉलेज व विश्वविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार तैयार किया जा रहा है। जिसके लिए सेमिनार व कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आप अपने आप को अपडेट करने आएं हैं। आने वाला समय तकनीक का है। छात्रों में रचनात्मक कौशल व समस्त समाधान के लिए तैयार करना जरुरी है। आने वाला समय ए आई का है। लेकिन फिर भी शिक्षक महत्व से ज्यादा रहेगा।बस जरुरत है शिक्षक स्वयं को अपडेट करें। नौ दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने वाले लगभग विभिन्न स्कूलों के चालीस से अधिक प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।इस अवसर पर यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के शिक्षक डॉ सुशील कुमार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। सीबीएसई की तरह से आई मुख्य प्रशिक्षक गुरशरण कौर ने दो दिन प्रतिभागी शिक्षकों को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति व नई तकनीकों की विस्तार से जानकारी दी। नौ दिवसीय कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों में भारी उत्साह था। प्रतिभागी शिक्षकों ने अपने अनुभव सांझा किए। प्रधानाचार्या महिन्द्र कौर ने मुख्यातिथि को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

# एलसीएलओ ने की रोष सभा, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 29 जून।** राज्य भर के एलसीएलओ ने मुख्यमंत्री नायब सैनी के गृह जिले कुरुक्षेत्र में रोष सभा करके मुख्यमंत्री के ओएसडी को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर एलसीएलओ यूनियन हरियाणा के नाम पर एलसीएलओ यूनियन का गठन भी किया। यूनियन ने सरकार को चेताया है कि यदि सरकार ने एलसीएलओ की मांगों पर गंभीरता से चर्चा करके मांगों का समाधान नहीं किया तो अगस्त में बड़े आंदोलन का ऐलान किया जाएगा। रोष सभा में सीटू की राज्य अध्यक्ष सुरेखा और राज्य महासचिव जयभगवान उपस्थित रहे। सुरेखा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने विज्ञापन निकाल कर, लिखित परीक्षा लेकर मेरिट के आधार पर सीपीएलओ नियुक्त किए थे बाद में पोस्ट का नाम बदलकर कमीशन आधार पर काम का नाम लेकर उन्हें बेकार बैठा दिया गया है। यह पढ़े लिखे नौजवान बच्चों के साथ भद्दा मजाक है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीटू के राज्य महासचिव जयभगवान ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दिसम्बर, 2023 में क्रिड पंचायत लोकल आपरेटर के लगभग 7500 पदों पर भर्ती की गई थी। जिसके लिए सभी अभ्यर्थियों से 1000 रूपए फॉर्म का शुल्क भी जमा करवाया गया था। अभ्यार्थियों ने उपरोक्त पदों के लिए प्रारंभिक परीक्षा और मुख्य कठिन परीक्षा नकारात्मक अंक के साथ दी। परीक्षा का परिणाम आने के बाद 7500 पदों को भरने के लिए विभाग ने सभी नव चयनित उम्मीदवारों को विभाग की साईट पर ही प्रस्ताव पत्र भेजे। मुख्यमंत्री के ओएसडी कैलाश ने मांगपत्र लेते हुए कहा है कि इस संदर्भ में विचार करके सकारात्मक कदम उठाया जाएगा। सरकार द्वारा मसले का जल्दी से जल्दी सकारात्मक समाधान नहीं किया गया, तो राज्य कमेटी मीटिंग करके आने वाले समय में बड़े आंदोलन की घोषणा करेगी। इस अवसर पर सीटू वरिष्ठ नेता माहवीर प्रसाद दहिया, सीटू जिला सचिव अनिल कुमार, सहसचिव रोशन लाल, उपप्रधान सुनील रत्न मौजूद रहे। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि सिटीजन रिसोर्स इन्फोर्मेशन डिपार्टमेंट में क्रिड पंचायत लोकल आपरेटर सीपीएलओ पद की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले नव चयनित सभी उम्मीदवारों की उसी पद पर ज्वाईनिंग करवाया जाए। राज्य में 3000 से भी ज्यादा पंचायतों में कोई भी सीपीएलओ तैनात नहीं है। विभाग लोकल कमेटी लोकल आपरेटर एलसीएलओ के पद को बदलकर क्रिड पंचायत लोकल आपरेटर (सीपीएलओ) कम अटल सेवा केन्द्र किया जाए। ताकि सभी पंचायतों का काम बहुत अच्छे से हो सके और नागरिकों को बेहतर और अविलंब सुविधाएं प्रदान की जा सके।

## सांसद नवीन जिंदल से कुरुक्षेत्र में उद्योग स्थापित करने की मांग




**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 29 जून।** हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा के बैनर तले आज ओबीसी/एससी/एसओ/ओसी की एक बैठक पांचाल धर्मशाला नजदीक छोटा रेलवे स्टेशन के पास कुरुक्षेत्र में हुई। बैठक की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष रामकुमार रंबा ने की। मंच संचालन महासचिव रोशन लाल धीमान ने किया। बैठक का मुख्य एजेंडा सभी जातियों को जाति के आधार पर बोर्ड के चेयरमैन, मेंबर व नौकरियों में पिछला बैकलॉग को पूरा करने व 27 प्रतिशत आरक्षण की पूरी भागीदारी दी जाए। कुरुक्षेत्र में कौशल विश्वकर्मा विश्वविद्यालय खोलने बारे व सामाजिक उत्थान के बारे चर्चा की गई। बैठक में रोशन लाल धीमान ने कहा कि रामकुमार रंबा वर्ष 2009 से अब तक समाज की सेवा करते आ रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग कि ऐसे व्यक्ति को समाज में उच्च पद देकर समाज सेवा करने का मौका दिया जाना चाहिए। बैठक में सभी समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मांग की कि रामकुमार रंबा ने मिट्टी कला बोर्ड का चेयरमैन बनाए जाने की मांग की। बैठक में सर्वसम्मति से रिटायर्ड डीएसपी रामदत्त नैन को पिछड़ा वर्ग महासभा का संरक्षक नियुक्त किया गया। जोगी समाज से नरेश कुमार जोगी को उपप्रधान, श्याम लाल नंबरदार सिरसमा को सहप्रभारी मीडिया नियुक्त किया गया। इस अवसर पर पांचाल धर्मशाला के प्रधान साहब सिंह, नरेश जोगी, श्याम नंबरदार, ऋषिपाल प्रधान गुर्जर समाज, सुरेंद्र माजरी पूर्व जिला परिषद सदस्य, बलवंत सिंह, वाल्मीकि समाज के प्रधान जागरी सिंह वाल्मीकि, जयपाल पांचाल, रिटायर्ड एसएचओ नसीब सिंह, रामकुमार सैनी, शमशेर पाल, इतवारी बेदी, मास्टर लाल चंद, रामचंद्र राठी के अलावा अन्य समाज के मौजिज लोग मौजूद थे।

## 80 हजार शुल्क जमा करवाने के बाद भी आरटीआई एक्टिविस्टा को नही दी पूरी जानकारी

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 29 जून।** सूचना का अधिकार का तात्पर्य है सूचना पाने का अधिकार, सरकार ने आम आदमी के लिए सूचना का अधिकार (आरटीआई) लागू भी कर दिया लेकिन जिम्मेदार अधिकारी सूचना के अधिकार का खुलेआम उल्लंघन करते देखे जा सकते है। जिम्मेदार अधिकारी आरटीआई में जानकारी देने से बचते है और अगर कोई आवेदक अपील में चला जाए तो यह अधिकारी आधी अधूरी जानकारी दे कर अपना पल्ला झाड़ लेते है। आरटीआई में जानकारी लेने वाला कितने कष्ट में है इसका ताजा मामला मुख्यमंत्री की कर्मभूमि के जन स्वास्थ्य एवं अभियान्त्रिकी विभाग से जुड़ा है। विभाग के बेखौफ अधिकारी कैसे एक आरटीआई एक्टिविस्ट से 80 हजार रुपये जमा करवाने के बाद भी पूरी जानकारी नही दे रहे। आरटीआई एक्टिविस्ट अरोड़ा बताते है कि उन्होंने 30 जनवरी 2025 को कार्यकारी अभियंता जन स्वास्थ्य एवं अभियान्त्रिकी विभाग कुरुक्षेत्र में सरकारी नियमानुसार आरटीआई लगाई थी जिसके लिए नियमानुसार सरकारी फीस का पोस्टल आर्डर भी लगाया था। जन स्वास्थ्य एवं अभियान्त्रिकी विभाग कुरुक्षेत्र ने 3 फरवरी को उन्हें दो पत्र एक ही दिन में लिख दिए जिनके रेफरेंस नंबर अलग अलग थे। एक पत्र में उन्होंने सूचना देने के नाम पर 85000 रुपये मांग लिए उसी दिन के दूसरे पत्र में उन्होंने अपने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि तय समय सीमा में सूचना उपलब्ध करवाए और सूचना के लिए कितने पैसे जमा करवाने है वो भी बताया जाए। कमाल की बात तो यह है दोनों पत्र एक ही दिन लिख दिए जो अपने आप में ही अजूबा है। सरकारी अधिकारी कानून को अपने हिसाब से कैसे तोड़ते है यह इनके हाथ में है। आवेदक ने भी हार न मानते हुए विभाग में 14 फरवरी 2025 को 10 हजार रुपये का डिमांड ड्राफ्ट जमा करवा कर विभाग को पत्र के माध्यम से निवेदन किया कि पैसे किस हिसाब से मांगे है। कृपया बताया जाए लेकिन विभाग के अधिकारियों के कान पर जूं नही रेंगी और विभाग ने पत्र लिखा की बकाया पैसे जमा करवाए। कानून तोड़ने वाले अधिकारियों से हार कर प्राथी ने 70 हजार 5 मार्च 2025 को बैंकर चेक बनवा कर जमा करवा दिया लेकिन विभाग ने पैसे लेने के बाद भी सूचना उपलब्ध नही करवाई।

## लिंडा नाला और सरस्वती के सभी शाखाओं को किया जा रहा है रिवाइव : धुमन सिंह किरमच

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**



**कुरुक्षेत्र, 29 जून।** सरस्वती विकास बोर्ड डिप्टी चेयरमैन धूमन सिंह किरमच ने कहा कि सरस्वती बोर्ड मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में निरंतर सरस्वती नदी में पानी बहाव को लेकर काम कर रहा है। लिंडा नाला सहित सरस्वती के सभी शाखाओं को रिवाइव किया जा रहा है। पिछले 3 साल से सरस्वती में लगातार पानी चलने से किसानों को बहुत बड़ा फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र से सरस्वती निकलती है, उस क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर है कि पिछले 3 सालों से घटता हुआ वॉटर लेवल अब रुक गया है और कई जगह ऊपर भी आ गया है। ऐसे में किसानों को अपने सबमर्सिबल पंपों में लेवल के पाइप भी डालने नहीं पड़े हैं। उन्होंने कहा कि अब लिंडा नाला सहित सरस्वती की अन्य शाखाओं को भी रिवाइव करने का प्लान पर काम चल रहा है। सिरसला गांव के रेलवे पुल के पास जहां प्राचीन समय में लिंडा नाला चलता था और शाहबाद के नीचे से सारा पानी लेकर खानपुर होते हुए रेलवे लाइन सिरसला और धीरपुर के पास से होते हुए एसवाईएल नरवाना ब्रांच के साइफन के नीचे सरस्वती में मिलता था। इसकी वजह से इस क्षेत्र के किसानों को कभी भी फ्लड से नुकसान नहीं होता था। उन्होंने कहा कि पिछले सीजन से ही सरस्वती बोर्ड ने इस क्षेत्र का सर्वे शुरू कर दिया था और इसको मूर्त रूप देने के लिए प्लानिंग की जा रही है। किसानों में इसको लेकर उत्साह है, क्योंकि यह भी आने वाले समय में इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा। इस मौके पर एससी अरविंद कौशिक व एक्सईएन नवतेज शामिल रहे।

## राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन, चण्डीगढ़ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में हिंदू एकजुटता पर जोर दिया

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण कुमार**



**चण्डीगढ़, 29 जून।** राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन, चण्डीगढ़ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में गौ को राष्ट्र माता तथा भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित कराने का संकल्प करते हुए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।

संगठन की स्थानीय अध्यक्ष मोनिका भारद्वाज ने इस बाबत जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर संगठन के राष्ट्रीय संयोजक संजय अरोड़ा, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष सरिता शर्मा अरोड़ा, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रवीण जैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रविन्द्र वैष्णव एवं पंजाब प्रदेश अध्यक्ष पुष्कर नंदा आदि भी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय संयोजक संजय अरोड़ा ने इस अवसर पर प्रेस वार्ता में कहा कि हिंदुओं का एकजुट होना आज बेहद जरूरी है। हिंदू सेवा ही राष्ट्र सेवा है। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को सनातन धर्म के बारे में जागरूक करना उनके संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

आर्ट्स स्ट्रीम के विद्यार्थियों के लिए भी पिछले कुछ वर्षो में कैरियर संभावनाओं का विस्तार हुआ है. इसलिए अब प्रतिभावान छात्रों ने भी 12वीं से ही इस ओर रुख करना शुरू कर दिया है. जाहिर है, आर्ट्स स्ट्रीम की 12वीं की बोर्ड परीक्षा को हल्के में लेना आपके कैरियर के लिए घातक हो सकता है. इस अंक में आप विस्तार से जानेंगे कि बाकी बचे दिनों में आर्ट्स स्ट्रीम के प्रमुख विषयों की तैयारी कैसे करें.



# जानें आर्ट्स की तैयारी की कला

बारहवीं की परीक्षा महज एक परीक्षा नहीं होती, बल्कि यह किसी छात्र के भविष्य की बुनियाद तैयार करती है. बारहवीं कक्षा में अपने लिए विषय चयन के साथ ही छात्र तय करते हैं कि उन्हें आगे चल कर क्या करना है और उनके इस लक्ष्य को पूरा करने में बारहवीं बोर्ड परीक्षा के अंकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है.

बोर्ड परीक्षा में अब ज्यादा दिन शेष नहीं बचे हैं, इसलिए इसे लेकर छात्रों में उहापोह स्वाभाविक है. लेकिन यही वह वक्त है, जब आप अपनी अब तक की तैयारी को पूरे आत्मविश्वास के साथ अंतिम रूप प्रदान करें. परीक्षा कोई भी हो, उसमें परीक्षार्थियों के आत्मविश्वास की अहम भूमिका होती है. आम तौर पर देखा गया है कि बोर्ड परीक्षा नजदीक आने पर बहुत से विद्यार्थियों के मन में परीक्षा पैटर्न, मार्किंग स्कीम, प्रमुख प्रश्नों, मॉडल/ सैंपल पेपर्स, टाइम टेबल आदि को लेकर बेचैनी पैदा होने लगती है. कुछ विद्यार्थी अपने आत्मविश्वास के दम पर इस समस्या से आसानी से निजात पा लेते हैं, जबकि कुछ के लिए इस स्थिति से गुजरना बेहद कठिन साबित होता है. आज हम अवसर की कवर स्टोरी में आर्ट्स स्ट्रीम के विषयों की तैयारी के लिए विशेषज्ञों की सलाह प्रस्तुत कर रहे हैं, जो परीक्षा से पहले के शेष कुछ दिनों में आपके लिए मददगार हो सकती है.

विषयवार तैयारी की जानकारी से पहले कुछ जरूरी बातें. आर्ट्स विषयों में छात्रों को अधिक अंक तभी मिलते हैं, जब प्रस्तुतीकरण, तथ्यों, चित्र और आंकड़ों की कसौटी पर वे पूरी तरह से खरे उतरें. 12वीं में आर्ट्स स्ट्रीम के विषय सरसरी तौर पर देखने में भले ही आसान प्रतीत होते हों, लेकिन इसमें छात्रों को अन्य स्ट्रीम की अपेक्षा अधिक लिखना होता है. इसलिए बोर्ड परीक्षा की तैयारी के दौरान ही यह तय करें कि आपको पहले किस तरह के प्रश्नों को हल करना है. इस संदर्भ में यह कहा जा सकता है कि ज्यादातर छात्र पहले उन्हीं प्रश्नों को हल करते हैं, जो उन्हें अच्छी तरह से याद हों. पेपर हल करने का सही तरीका भी यही है. इस पद्धति से छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ता है और समय की भी बचत होती है.

इसके अलावा प्रश्नों का उत्तर लिखते समय तिथियों को लिखने में सावधानी बरतें. जो तथ्य बेहद महत्वपूर्ण लगे, उसे अंडरलाइन कर दें, जहां उदाहरण देना अथवा कोट लिखना जरूरी हो वहां इसे जरूर लिखें. आर्ट्स के ज्यादातर पेपरों की प्रकृति विस्तृत होती है, इसलिए छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे इन्हें हल करते समय अपने विचारों को खुला रखें. आर्ट्स के विभिन्न विषयों की तैयारी के लिए एनसीइआरटी की पुस्तकों को बहुत ही कारगर माना जाता है. इसलिए छात्र अध्ययन और तैयारी में उन्हें अवश्य शामिल करें. बोर्ड परीक्षा के लिए शेष बचे समय में अपने टाइम टेबल को कुछ इस तरफ बनाएं कि सभी महत्वपूर्ण चीजों का पर्याप्त रिवीजन हो सके.अगर आपने सालभर पढ़ाई का रुटीन सही रखा है और सभी विषयों का कोर्स पूरा हो चुका है, तो अब आपको टाइम टेबल में कुछ ऐसे अध्यायों को भी जोड़ना चाहिए, जो आपको कुछ कठिन लगते हों. इससे उन चैप्टर्स की तैयारी बेहतर की जा सकती है. रिवीजन की रणनीति इस तरह बनाएं कि ज्यादा अंकों के टॉपिक्स समय से पहले तैयार हो जायें. इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और परीक्षा से जुड़ा दबाव कम होगा.

## बुलंद हौसले से पार होगी आर्ट्स स्ट्रीम की नैया

बोर्ड परीक्षा से पहले के कुछ दिनों में आर्ट्स स्ट्रीम के विषयों की तैयारी के लिए सही रणनीति और बेहतर समय प्रबंधन की आवश्यकता होती है. बचे हुए दिनों में कैसे करें आर्ट्स के प्रमुख विषयों की तैयारी, जानते हैं इस आलेख में.

## अर्थशास्त्र
### संख्यात्मक प्रश्नों का अध्ययन



अर्थशास्त्र के अध्ययन में देश की समस्त आर्थिक नीतियों, अर्थव्यवस्था आदि बिंदुओं को शामिल किया जाता है. इस विषय में छात्रों की समझ विकसित हो जाये, तो उन्हें परीक्षा में पूरे अंक मिलते हैं. विशेषज्ञों की मानें तो अर्थशास्त्र एक कंज्यूमर बिहेवियर की तरह है. इसके अंतर्गत उपभोक्ताओं के सोच को रखा जाता है. अर्थशास्त्र में थ्योरी व न्यूमेरिकल दोनों का मिश्रण होता है. अच्छे अंक पाने के लिए छात्र एक सधी रणनीति के तहत परीक्षा की तैयारी करें. 12वीं कक्षा के अर्थशास्त्र को दो भागों में बांटा जा सकता है- माइक्रो इकोनॉमिक्स व मैक्रो इकोनॉमिक्स. माइक्रो इकोनॉमिक्स में जहां अर्थव्यवस्था की केंद्रीय समस्याएं अनधिमान वक्र विषण से उपभोक्ता के संतुलन का अध्ययन, मांगी गयी मात्र में परिवर्तन व मांग में परिवर्तन में अंतर, स्थिर व परिवर्तित लागत में अंतर, एमसी-एआर में संबंध, मांग को मापने की विधियां, बाजार पूर्ति का अर्थ, मांग व पूर्ति के खिसकाव का संतुलन, पूर्ण प्रतियोगिता बाजार, कीमत पर प्रभाव आदि बिंदुओं को शामिल किया जाता है, वहीं मैक्रो इकोनॉमिक्स में आय के संतुलन स्तर का निर्धारण, अभावी व अतिरेक मांग, मुद्रा के कार्य, व्यापारिक बैंकों द्वारा साख सृजन, केंद्रीय बैंको को कार्य, बजट का अर्थ, पूंजीगत व्यय का अर्थ, विदेशी विनियम दर का अर्थ व निर्धारण, व्यापार संतुलन के घटक आदि से प्रश्न पूछे जाते हैं. छात्रों को चाहिए कि वे आय की गणना के संख्यात्मक प्रश्नों की तैयारी अवश्य करें. कई बार प्रश्नों को हल करते समय रेखाचित्रों का प्रयोग जरूरी होता है. छात्र इसके प्रयोग में कोताही न बरतें. रेखाचित्र बनाने के लिए आपको अंश का सटीक नामांकन होना चाहिए और चित्र का अनुपात सही होना चाहिए.

#### महत्वपूर्ण
रेखाचित्र बनाने में पेंसिल का प्रयोग करें.
उत्तर में मुख्य बिंदुओं को रेखांकित करें.
ग्राफ का नियमित अभ्यास जरूरी.
न्यूमेरिकल के लिए नियमित अभ्यास करें.
प्रश्नों को चुनते समय सावधानी बरतें.

## इतिहास
### घटनाओं को जरूर याद रखें

इतिहास का अध्ययन वर्तमान और भविष्य को समझने में मदद करता है. इसके साथ ही यह सामाजिक परिवर्तनों पर भी गहराई से प्रकाश डालता है. जरूरी बात है कि यदि इसकी तैयारी अच्छी तरह की जाये, तो भविष्य के लिए अच्छा होता है. अतीत की घटनाओं को वर्तमान समय की कसौटी पर कसने में इससे काफी मदद मिलती है. इसमें अच्छे अंक लाने के लिए अपने पाठ्यक्रम को भलीभांति पढ़ें. फिर अपनी रणनीति बनाएं. भले ही इसका पाठ्यक्रम विस्तृत हो, लेकिन छात्रों को इसका उत्तर तय शब्दों में देना होता है. धर्म का इतिहास, भक्ति व सूफी संतों के आचार-विचार, विजय नगर की राजनीतिक व्यवस्था, वास्तुकला, उपनिवेशवाद व ग्रामीण समाज, महात्मा गांधी का राष्ट्रीय आंदोलन, विभाजन व संविधान का निर्माण आदि का अध्ययन पूरी तन्मयता से करें. अध्ययन के समय महत्वपूर्ण तिथियों, घटनाचक्र, ऐतिहासिक कड़ियों को एक जगह नोट करते जाएं. इसके अलावा राजवंशों के कालचक्र में विदेशी यात्रियों के यात्र वृत्तांत को ध्यान से पढ़ें और उनके अनुभवों को अपने शब्दों में लिखने का अभ्यास करें. इन ऐतिहासिक तथ्यों को एक कहानी के रूप में समझने का प्रयास करें. इससे वे आपके मानस पटल पर अंकित हो जायेंगे. जहां जरूरी हो वहां मैप का अध्ययन करें, क्योंकि परीक्षा में मैप आधारित प्रश्न भी होते हैं. कुछ प्रश्न विस्तृत होने के अलावा वैल्यूबेस्ड होते हैं. इनका उत्तर आप अच्छे से देते हैं, तो इसके पूरे अंक मिलते हैं. पैसेज से संबंधित प्रश्नों के लिए पुराने प्रश्नपत्रों को हल करने की कोशिश करें.

#### महत्वपूर्ण
अपना कांसेप्ट क्लीयर रखें.
तिथियों व घटनाओं को तिथिवार याद रखें.
नपे-तुले शब्दों में उत्तर लिखने की कोशिश करें.
पुराने प्रश्नपत्र व मॉडल पेपर हल करें.
मैप का नियमित अभ्यास करें.

## राजनीति विज्ञान
### कम शब्दों में स्पष्ट करें

भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में राजनीति विज्ञान बहुत मायने रखता है. यदि छात्र की रुचि इसमें है, तो यह विषय आगे चल कर उनके कैरियर पर रोचक प्रभाव छोड़ता है. इसकी तैयारी के लिए समसामयिक जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है. इसलिए देश-विदेश की घटनाओं व प्रमुख हलचलों के प्रति अपडेट रहें. एनसीइआरटी की पुस्तकें इसमें बेहद कारगर होती है. इस विषय को दो पुस्तकों में बांटा गया है. समकालीन विश्व राजनीति व स्वतंत्र भारत की राजनीति. इन दोनों के अंक समान हैं और दोनों का अध्ययन भी अनिवार्य है. विश्व राजनीति में मुख्यत- अमेरिकी वर्चस्व, सत्ता के वैकल्पिक केंद्र, समकालीन दक्षिण एशिया आदि से अधिक प्रश्न पूछे जाते हैं. जबकि स्वतंत्र भारत में राष्ट्र निर्माण की चुनौतियां, नियोजित विकास की राजनीति, आपातकाल के कारण व परिणाम, संयुक्त राष्ट्र एवं भारत की विदेश नीति से कई प्रश्न पूछे जाते हैं. छात्रों को चाहिए कि राजनीति के सिद्धांतों, अवधारणाओं, चुनौतियों आदि को अच्छी तरह समझें. इसमें शुरू के जो 15 मिनट प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए मिलते हैं, उसी समय उसे हल करने की रूपरेखा भी तैयार कर लें.



इस विषय में चार तरह के प्रश्न पूछे जाते हैं. एक-एक अंक के 10 प्रश्न, दो-दो अंक के 10 प्रश्न, चार-चार अंक के 10 प्रश्न और छह अंक वाले पांच प्रश्न शामिल होते हैं. ध्यान से पढ़ने के साथ ही छात्रों के लिए यह जरूरी होता है कि वे यह देखें कि वास्तव में प्रश्न में पूछा क्या गया है. उत्तर लिखते समय जो बिंदु जरूरी लगे, उसे अंडरलाइन करते जायें.

#### महत्वपूर्ण
प्रश्नों को समय के अनुसार बांट लें.
उत्तर देते समय शब्दों की सीमा पर विशेष ध्यान दें.
हेडिंग को मोटे अक्षरों में लिखें.
सरल व आसान भाषा में लिखें.
जहां जरूरी हो, वहां चित्र व कार्टून का प्रयोग करें.

## गृह विज्ञान
### लें आधारभूत जानकारी

आर्ट्स संकाय में गृहविज्ञान अत्यंत उपयोगी एवं महत्वपूर्ण विषय है. इसके अंतर्गत घर के प्रबंधन से लेकर शिशुओं व बुजुर्गों की देखभाल का अध्ययन किया जाता है. कई प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का दारोमदार भी इसी पर होता है. इसका अध्ययन जीवन के कई मौकों पर काम आता है. इसकी तैयारी के क्रम में छात्रों को सबसे पहले उन्हें विषय की आधारभूत जानकारी से अवगत होना जरूरी है. इसमें गृह विज्ञान का इतिहास, विकास में योगदान, सिद्धांत, ह्यूमन फिजियोलॉजी आदि के बारे में सही जानकारी हासिल की जाती है. प्रसार शिक्षा, आहार एवं पोषण, वस्त्र विज्ञान व परिधान, गृह प्रबंध एवं आंतरिक सज्जा, बाल विकास एवं पारिवारिक संबंध इसके प्रमुख भाग हैं. इस विषय के 100 अंकों में से 30 अंक प्रैक्टिकल और 70 अंक थ्योरी के होते हैं. इसमें सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं से प्रश्न आ सकते हैं.

#### महत्वपूर्ण
कोई टॉपिक छूटे नहीं.
रटने की बजाय समझने का प्रयास करें.
पुराने प्रश्नपत्रों को हल करने की आदत डालें.
जो प्रश्न नहीं आता है, उसे छोड़ कर आगे बढ़ जायें.
प्रमाणित सामग्री से ही अध्ययन आरंभ करें.

## भूगोल
### एनसीइआरटी की पुस्तकें तैयारी में सहायक

कला विषयों में भूगोल एक ऐसा विषय है जो छात्रों को न सिर्फ 12वीं की परीक्षा में अच्छे अंक दिलाता है, बल्कि आगे चल कर सिविल व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का आधार बनता है. इसकी खासियत यह भी है कि मौसम का आकलन, जनसंख्या, नगर नियोजन, आर्थिक नियोजन, जीपीएस, उपग्रह प्रणाली, आधुनिक व विकसित संचार प्रणाली में इसका ज्ञान काफी सहूलियत प्रदान करता है. इसमें मुख्य रूप से नगरीय व ग्रामीण जनसंख्या, आंकड़ों संबंधी जानकारी, रॉ मटेरियल क्लाइमेट, रोड ट्रांसपोर्ट, कृषि अध्याय से संबंधित विभिन्न कृषि व डेयरी आदि की जानकारी रखनी पड़ती है. जबकि प्रैक्टिकल परीक्षा के लिए मिन्स, मीडियन व मोड के बारे में अच्छे तरीके से समझ लें. मानचित्रों के अभ्यास में कोई कोताही न बरतें अन्यथा आपकी पूरी मेहनत बेकार हो सकती है. पंचवर्षीय योजनाओं सहित सूखा संभावित क्षेत्रों और पहाड़ी क्षेत्रों के विकास के लिए भारत सरकार द्वारा उठाये गये कदम का विस्तृत अध्ययन करें. रेखाचित्रों पर नाम अंकित करने के लिए भारत के प्रमुख पत्तन, वायु पत्तन, कृषि राज्यों के नाम, कोयला व लोहा क्षेत्र, सॉफ्टवेयर पार्क, नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र आदि प्रमुख शहरों का अभ्यास करें. विभिन्न प्रदेशों में उत्पादित होने वाले विभिन्न वस्तुओं पर भी प्रश्न पूछे जाते हैं, इनका अध्ययन कुंजी बना कर करें.

#### महत्वपूर्ण
लिख कर प्रश्नों का उत्तर देने का अभ्यास करें. आंकड़ों पर आधारित प्रश्नों का उत्तर देते समय सावधानी बरतें.
नविज्ञान से संबंधित पत्रिकाओं का अध्ययन जरूरी.
प्रैक्टिकल परीक्षा के लिए भी कमर कसें.
रेखाचित्रों पर नाम अंकित करने का अभ्यास करें.



# सच्ची प्रशंसा पाने का सही तरीका



लोगों के हाथों अपनी प्रसन्नता-अप्रसन्नता बेच नहीं देनी चाहिए। कोई प्रशंसा करे तो हम प्रसन्न हों और निंदा करने लगे तो दुखी हो चलें। यह तो पूरी पराधीनता हुई। हमें इस संबंध में पूर्णतया अपने ही ऊपर निर्भर रहना चाहिए और निष्पक्ष होकर अपनी समीक्षा आप करने की हिम्मत इकट्ठी करनी चाहिए। निंदा से दु:ख लगता हो तो अपनी नजर में अपने कामों को ऐसे घटिया स्तर का साबित न होने दें। जिसकी निंदा करनी पड़े। यदि प्रशंसा चाहते हैं तो अपने कार्यों को प्रशंसनीय बनाएं। सच्ची प्रशंसा पाने का सही तरीका एक ही है की अपने को दिन-दिन सुधारते चले जाएं और भावना तथा क्रिया की दृष्टि से उस स्तर पर जा पहुंचे जिस पर पहुंचने में आत्मसंतोष प्राप्त होता है और आंतरिक उल्लास प्रस्फुटित होता है। अपनी दृष्टि में अपना प्रशसित होना सारे संसार के मुंह से गाई जाने वाली प्रशंसा की अपेक्षा कहीं बेहतर है। जीवन की यात्रा के दौरान यदि व्यक्ति को प्रशंसा मिलती है तो उसका अपने कार्य के प्रति उत्साह बढ़ जाता है और वे अधिक ऊर्जा से अपने कर्तव्य का निर्वाह करता है। निंदा जहां होती है, खुशी वहां से पलायन कर जाती है। जिनका स्वभाव है निंदा करना, वे किसी भी परिस्थिति में निंदा प्रवृत्ति का त्याग नहीं कर सकते हैं इसलिए समझदार इंसान वही है जो ऐसे लोगों द्वारा की गई विपरीत टिप्पणियों की उपेक्षा कर अपने काम में मस्त रहता है।



सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक नेहा वालिया द्वारा साई प्रिंटिंग प्रैस, बी-868, न्यू अशोक नगर, दिल्ली-110096 से मुद्रित एवं वालिया सदन वार्ड संख्या 10, लोहारू, भिवानी (हरियाणा) 127201 से प्रकाशित। समाचार पत्र में प्रकाशित सभी समाचारों के लिए पीआरबी एट के तहत उत्तरदायी। फोन:01252-259260, 9255149495, ईमेलः haryanavatika@gmail.com हरियाणा वाटिका:- प्रेरणास्त्रोत- स्व. डॉ. एल सी वालिया, समूह संपादक एवं संरक्षक- श्रीमति सरला वालिया, संपादक- श्रीमति नेहा वालिया, कार्यकारी संपादक- श्रीमति रितू वालिया। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लोहारू (भिवानी) होगा।